5– शासनादेश दिनांक 23.01.2019 उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये।

भवदीय,

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. निदेशक प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग, लखनऊ।
4. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0।
5. निदेशक आवास बन्धु, उ0प्र0।
6. समस्त अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

संख्या–834/आठ–1–19–58 बजट/2018

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **समस्त मण्डलायुक्त,**
उत्तर प्रदेश।
2. **समस्त जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।
3. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।
4. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्रधिकरण,
उ0प्र0।
5. **अध्यक्ष,**
समस्त विशेष क्षेत्र विकास
प्राधिकरण, उ0प्र0।
6. **नगर आयुक्त,**
समस्त नगर निगम,
उ0प्र0।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 **लखनऊ : दिनांक 06 जून, 2019**

विषयः–आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अवस्थापना सुविधाओं के विकास मद के अन्तर्गत शहर के विकास के दृष्टिकोण से कराये जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यो के प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने सम्बंधी दिशा–निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–150/आठ–1–19–58बजट/2018 दिनांक 23.01.2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा निम्नलिखित कार्यो से सम्बंधित आगणन/डी0पी0आर0 ही आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैः–

(1) यातायात सुधार सम्बंधी कार्य।
(2) मिसिंग लिंक रोड सम्बंधी कार्य।
(3) पार्किंग निर्माण सम्बंधी कार्य।
(4) सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सम्बंधी कार्य।
(5) सार्वजनिक शौचालय निर्माण सम्बंधी कार्य।
(6) सौर ऊर्जा स्थापना सम्बंधी कार्य।
(7) जलाशयों (वाटरवाडिज) के पुनरोद्धार/पुनर्जीवन सम्बंधी कार्य।

–2–

(8) मास्टर प्लान के अन्तर्गत सड़क निर्माण सम्बंधी कार्य।

(9) चौराहों के सुन्दरीकरण सम्बंधी कार्य।

(10) सड़कों के नवनिर्माण/चौड़ीकरण सम्बंधी कार्य।

(11) पार्को की स्थापना सम्बंधी कार्य।

(12) फुटओवरब्रिज निर्माण सम्बंधी कार्य।

3– सम्यक विचारोपरान्त शासनादेश संख्या–333/आठ–1–19–58बजट/2018 दिनांक 18.02.2019 के माध्यम से उपर्युक्त कार्यो के अतिरिक्त नयी नाली का निर्माण एवं जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ीकरण सम्बंधी कार्य भी सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिया गया।

4– प्रकरण में सम्यक विचारोपरान्त लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं के विकास मद से कराये जाने वाले चिन्हित उपर्युक्त कार्यो के अतिरिक्त विद्युतीकरण, सीवर लाइन, एस0टी0पी0, जलापूर्ति एवं जल संरक्षण सम्बंधी कार्य भी समाहित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

5– अतः इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त उल्लिखित कार्यो से ही सम्बंधित आगणन/डी0पी0आर0 आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को विचारार्थ उपलब्ध कराया जाए। कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

6– शासनादेश दिनांक 18.02.2019 उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

भवदीय

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. निदेशक प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग, लखनऊ।
4. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0।
5. निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0।
6. समस्त अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव

वित्तीय प्रबन्धन

संख्या:698/आठ-1-18-12बजट/2015

प्रेषक,

अमिताभ प्रकाश,
विशेष् सचिव,
उ0प्र 0शासन।

सेवा में,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1 **लखनऊः दिनांक 17 मई, 2018**

विषयः-जनपद-लखनऊ के राजीव गांधी प्रथम वार्ड के अर्न्तगत विराट खण्ड में म0सं0-1/244 से म0सं0-1/156 होते हुए राशि ट्रेडर्स कान्सप्ट कोचिंग के पास तक नाली व साइड पटरी पर इण्टरलाकिंग निर्माण एवं सड़क सुधार/पुर्ननिर्माण कार्य से सम्बन्धित परियोजना की अवशेष वित्तीय स्वीकृति (2018-19) के सम्बंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम, लखनऊ के पत्र संख्या-215(ए)/एनएएस-4, दिनांक 23.04.2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि, श्री राज्यपाल महोदय, **जनपद-लखनऊ के राजीव गांधी प्रथम वार्ड के अर्न्तगत विराट खण्ड में म0सं0-1/244 से म0सं0-1/156 होते हुए राशि ट्रेडर्स कान्सप्ट कोचिंग के पास तक नाली व साइड पटरी पर इण्टरलाकिंग निर्माण एवं सड़क सुधार/पुर्ननिर्माण कार्य कराये जाने सम्बन्धी परियोजना हेतु** अवशेष धनराशि **रू0 14,82,500/- (रूपये चौदह लाख बयासी हजार पाँच सौ मात्र)** चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में आहरित कर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं :-

(1) आहरित की गयी धनराशि किसी बैंक/डिपाजिट खाते/पी0एल0ए0/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। स्वीकृत धनराशि प्रस्तावित कार्यों पर अनुमोदित लागत की सीमा तक व्यय की जायेगी, अन्य किसी योजना पर व्यावर्तन नहीं किया जायेगा। स्वीकृत की गयी धनराशि का व्यय विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन एवं महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद को उपलब्ध कराया जायेगा।

(2) स्वीकृत धनराशि का बिल आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लेखा अनुभाग द्वारा बनाया जायेगा तथा उसे तत्काल कोषागार से आहरित करके आहरण के बाउचर संख्या व तिथि की सूचना शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को दी जायेगी। आहरित धनराशि कार्यदायी संस्था-नगर निगम लखनऊ को तुरन्त उपलब्ध करायी जायेगी।

(3) कार्य प्रारम्भ किये जाने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना की विस्तृत ड्राइंग/डिजाइन एवं तकनीकी स्वीकृति सक्षम स्तर से प्राप्त करने के उपरान्त प्रायोजना का प्रस्तावित निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाना अनिवार्य होगा।

(4) कार्य की विशिष्टियों, मानक गुणवत्ता तथा कार्य एवं फण्डिंग की द्विरावृति न हो, अर्थात इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है, यह नगर निगम, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) समस्त कार्य अनुमोदित लागत की सीमा में ही पूर्ण कर लिये जायेंगे। मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का दायित्व कार्यदायी संस्था-नगर निगम, लखनऊ का होगा। भविष्य में इन सड़कों/नालियों का अनुरक्षण नगर निगम, लखनऊ द्वारा किया जायेगा।

(6) कार्यदायी संस्था-नगर निगम लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य की लागत सीमा को कम करने के उद्देश्य से टुकड़ों में अथवा प्रायोजना के स्कोप को कम करके अथवा प्राविधानों को कम करके लागत आंकलित नहीं की गयी है।

(7) कार्यदायी संस्था-लखनऊ नगर निगम द्वारा परियोजना निर्माण हेतु समस्त आवश्यक वैधानिक अनापतियों एवं पर्यावरर्णीय क्लीयरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करने के उपरान्त निर्माण कार्य कराया जायेगा।

(8) उक्त परियोजना की नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग तथा कार्यदायी संस्था-लखनऊ नगर निगम होगी। कार्यदायी संस्था-लखनऊ नगर निगम द्वारा नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के माध्यम से स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(9) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(10) कार्यदायी संस्था-नगर निगम, लखनऊ को सेन्टेज देय नहीं होगा। कार्यदायी संस्था द्वारा लेबर सेस की धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

(11) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर निर्गत शासनादेशों एवं वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018, दिनांक 30 मार्च, **2018** के प्राविधान के अनुरूप किया जायेगा।

(12) उक्त वित्तीय स्वीकृति परियोजना से संबंधित मूल शासनादेश संख्या-35/2015/346/आठ-1-15-12बजट/2015, दिनांक 18 फरवरी, **2016** में उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन है।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के **"लेखाशीर्षक-4217-शहरी विकास पर पूंजीगत परिव्यय-60-अन्य शहरी विकास योजनाएं-800-अन्य व्यय-05-लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास मद-24-वृहत निर्माण कार्य"** के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018, दिनांक 30 मार्च, 2018 में प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक: यथोक्त ।

भवदीय,
अमिताभ प्रकाश
विशेष सचिव।

संख्या:698(1)/आठ-1-18, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3. मण्डलायुक्त, लखनऊ।
4. जिलाधिकारी, लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ ।
7. निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ ।
8. वित्त नियंत्रक, लखनऊ विकास प्राधिकरण, गोमतीनगर, लखनऊ।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।
10. नियोजन अनुभाग-4, उ.प्र. शासन।
11. निदेशक, आवास बन्धु, लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर अप-लोड करने हेतु।
12. लेखा अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र 0शासन को इस अनुरोध के साथ कि उक्त धनराशि का कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
13. निदेशक (प्रशासन), आवास बन्धु, लखनऊ।
14. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

संख्या:1/2019/114/8-3-19-25विविध/18

प्रेषक,

मनीष चन्द्र श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
उ0प्र0 भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक : 05 मार्च, 2019

विषय:- वित्तीय वर्ष 2018-19 में उ0प्र0 भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण हेतु गैर वेतन मद में प्राविधानित धनराशि की द्वितीय किश्त की स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-254/यू.पी.-रेरा/लेखा/2018-19 दिनांक 18.01.2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उ0प्र0 भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 में गैर वेतन मद में प्राविधानित धनराशि रू0 244.50 लाख में से अवशेष रू0 122.25 लाख की द्वितीय किश्त शीघ्रतम निर्गत कराने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30.03.2018 द्वारा प्रदत्त/प्राविधानित अधिकारों के तहत श्री राज्यपाल चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) हेतु अनुदान संख्या-2 के लेखा शीर्षक-2217 शहरी विकास-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-05-उ0प्र0 भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण 20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) में प्राविधानित कुल रू0 244.50 लाख (रूपये दो सौ चौवालीस लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि में से द्वितीय किश्त के रूप में रू0 122.25 लाख की धनराशि के भुगतान हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए रू0 122.25 लाख (रूपये एक सौ बाइस लाख पचीस हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के संगत खण्डों/नियमों तथा शासनादेशों में की व्यवस्थाओं के अनुरूप किया जायेगा तथा किसी भी दशा में स्वीकृत धनराशि का व्यावर्तन अनुमन्य नहीं है।

4- कृपया वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के अध्याय-16ए में दिये गये सहायक अनुदान के सामान्य नियमोंस्थायी शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। कार्यात्मक आवश्यकतानुसार कोषागार से धनराशि आहरित कर लिया जाय एवं स्वीकृत की जा रही धनराशि बैंक, डिपाजिट खाते में न रखी जाय। उपकरणों, आदि का क्रय स्टोर पर्चेज रूल्स एवं संगत वित्तीय नियमों के तहत किया जायेगा।

5- उक्त स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु प्राधिकरण द्वारा तैयार किये गये देयको पर सचिव, भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किया जायेगा।

6- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्यय के अनुदान संख्या-2 के ''लेखा शीर्षक-2217 शहरी विकास-80-सामान्य 800-अन्य व्यय 05-उ0प्र0 भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण 20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) '' के नामे डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30.03.2018 में प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
(मनीष चन्द्र श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

संख्या-1/2019/114(1)/8-3-19-25 विविध/18-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार उ0प्र0, प्रयागराज।
2. मुख्य कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट लखनऊ।
3. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त बजट आवंटन को इन्टरनेट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-1 एवं 2
6. आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1
7. अनुभाग अधिकारी (लेखा), आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त बजट आवंटन को इन्टरनेट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(मनीष चन्द्र श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

संख्या-2/2019/ 19एन.सी.आर. /आठ-2-2019-05एन.सी.आर./17टी0सी0

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम,
नई दिल्ली।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक- 08 मार्च, 2019

विषय- वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या-2 के लेखाशीर्षक-4217 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरीडोर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना में उत्तर प्रदेश सरकार के अंश के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-NCRTC/Govt. of UP/11(Part-II)/475, दिनांक 07.01.2019 तथा शासनादेश संख्या-1/2019/617/आठ-2-2019-05एन0सी0आर0/17 दिनांक 07.03.2019 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरीडोर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना की कुल लागत रू0 30274 करोड़ के सापेक्ष उत्तर प्रदेश सरकार की सहभागिता रू0 6048 करोड़ (रू0 4726 करोड़ वित्तीय सहायता, रू0 923 करोड़ स्टेट जी0एस0टी0 छूट तथा रू0 399 करोड़ की सरकारी भूमि) के सापेक्ष चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में रू0 2,50,00,00,000/- (रू0 दो अरब पचास करोड़ मात्र) आहरित कर प्रबंध निदेशक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम को उपलब्ध कराये जाने की श्री राज्यपाल महोदय निम्निलखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) समस्त कार्य निर्धारित व अनुमोदित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप समयान्तर्गत सम्पादित कराये जायं ताकि उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हों।

(2) एन0सी0आर0टी0सी0 द्वारा यथावश्यक वैधानिक अनापतियां एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(3) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1- 375/दस-2018-231/2018, दिनांक 30 मार्च, 2018 तथा उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गयी शर्तों की पूर्ति तथा वितीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डर्स आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(4) एन0सी0आर0टी0सी0 द्वारा समस्त कार्य परियोजना की डी.पी.आर., डी.पी.आर. परिशिष्ट, इसकी संशोधित योजना, जिसका अनुमोदन भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किया गया है की शर्तों के अनुरूप ही सुनिश्चित कराया जायेगा।

(5) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक/पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(6) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(7) एन0सी0आर0टी0सी0 यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

(8) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपभोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2019 तक कर लिया जाय तथा कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रत्येक दशा में दिनांक 30 अप्रैल, 2019 तक उत्तर प्रदेश सरकार को निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(9) एन0सी0आर0टी0सी0 द्वारा परियोजना की मासिक वित्तीय एवं भौतिक प्रगति निर्धारित प्रारूप पर उत्तर प्रदेश सरकार एवं सभी सम्बन्धित हितधारकों को उपलब्ध करायी जायेगी।

(10) परियोजना हेतु अवशेष किश्त/धनराशि की मांग करते समय निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र तथा बी0एम0-15 प्रपत्र पर मांग कार्ययोजना के साथ उपलब्ध करायी जायेगी।

(11) स्वीकृति धनराशि का बिल आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लेखा अनुभाग द्वारा बनाया जायेगा तथा उसे तत्काल कोषागार से आहरित करके आहरण के बाउचर संख्या व तिथि की सूचना शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को दी जायेगी। आहरित धनराशि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम को तत्काल उपलब्ध करायी जायेगी।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के "लेखाशीर्षक-4217-शहरी विकास पर पूँजीगत परिव्यय-60-अन्य शहरी विकास योजनायें-190-सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश-08-दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरीडोर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना-30-निवेश/ऋण" के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-8-748/दस-2019, दिनांक 08 मार्च, 2019 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(नितिन रमेश गोकर्ण)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या-2/2019/19एन.सी.आर. /आठ-2-2019, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार, (प्रथम एवं द्वितीय) उ0प्र0 प्रयागराज।
2. महालेखाकार,(लेखा परीक्षा) उ0प्र0, प्रयागराज।
3. सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
4. मुख्य सचिव, दिल्ली सरकार।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, लोक निर्माण, वाह्य सहायतित परियोजना, ऊर्जा, परिवहन, नगर विकास, गृह वित्त, औद्योगिक विकास, राजस्व तथा नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. विशेष सचिव एवं स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
7. आयुक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, उ0प्र0 प्रभाग, गाजियाबाद।
8. आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद लखनऊ।
9. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
10. निदेशक, आवास बन्धु, लखनऊ।
11. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0।
12. आयुक्त मेरठ मण्डल मेरठ।
13. जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ/गाजियाबाद।
14. प्रबंध निदेशक, लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन लि0।
15. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
16. नगर आयुक्त, मेरठ/गाजियाबाद।
17. उपाध्यक्ष, मेरठ/गाजियाबाद विकास प्राधिकरण।
18. लेखा अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0शासन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त धनराशि का कोषागार से आहरण कर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि0 को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
19. समूह महाप्रबंधक, (वित्त) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि शासनादेश की प्रति सभी सम्बन्धित को ई-मेल/फैक्स/डाक के माध्यम से उपलब्ध करायें।
20. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(संजय कुमार सिंह)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या- 01/2019/ 642/आठ-6-19/03बजट/2019

प्रेषक,

स्वामी नाथ पाण्डेय,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-6 लखनऊ : दिनांक 18 अप्रैल, 2019

विषय : नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 के अधिष्ठान व्यय हेतु वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 के अधिष्ठान व्यय हेतु वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में निहित प्राविधानों एवं शर्तो के अधीन अनुदान संख्या-002, मुख्य लेखा शीर्षक-2217-शहरी विकास, 03 छोटे तथा मध्यम श्रेणी के नगरों का समेकित विकास, 001-निदेशन तथा प्रशासन, 06-नगर एवं ग्राम नियोजन अधिष्ठान के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिये कुल व्यवस्थित धनराशि रू0 34,09,59,000.00 (रूपये चौतिस करोड़ नौ लाख उन्सठ हजार मात्र) को निम्नलिखित विवरण के अनुसार आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि को आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, उक्त स्वीकृत धनराशि का विवरण निम्नवत् है :-

(धनराशि लाख में)

कोड नं0	मद	वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु कुल प्राविधानित धनराशि	वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु आवंटित/स्वीकृत धनराशि
1	2	3	4
01	वेतन	2454.49	2454.49
02	मजदूरी	3.30	3.30
03	मंहगाई भत्ता	368.17	368.17
04	यात्रा व्यय	9.50	9.50
05	स्थानान्तरण यात्रा व्यय	5.50	5.50
06	अन्य भत्ते	50.00	50.00
07	मानदेय	0.01	0.01
08	कार्यालय व्यय	8.80	8.80
09	विद्युत देय	50.00	50.00
10	जलकर/जल प्रभार	9.00	9.00
11	लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	5.50	5.50
12	कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	4.40	4.40
13	टेलीफोन पर व्यय	4.40	4.40
14	मोटर गाडियों का क्रय	-	-
15	गाडियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद	12.50	12.50
16	व्यावसायिक एवं विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	5.50	5.50

http://shasanadesh.up.nic.in

17	किराया, उपशुल्क और कर स्वामित्व	30.00	30.00
19	विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय	0.22	0.22
26	मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	5.50	5.50
29	अनुरक्षण	20.00	20.00
42	अन्य व्यय	0.55	0.55
44	प्रशिक्षण हेतु यात्रा व्यय एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	5.00	5.00
45	अवकाश यात्रा व्यय	2.20	2.20
46	कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	5.00	5.00
47	कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय	10.00	10.00
49	चिकित्सा व्यय	60.00	60.00
51	वर्दी व्यय	0.55	0.55
52	पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय)	160.00	160.00
55	मकान किराया भत्ता	80.00	80.00
56	नगर प्रतिकर भत्ता	20.00	20.00
58	आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान	20.00	20.00
	योग	3409.59	3409.59

(रूपये चौतिस करोड़ नौ लाख उन्सठ हजार मात्र)

2. उपरोक्त स्वीकृत धनराशि ''अनुदान संख्या-002, मुख्य लेखा शीर्षक-2217-शहरी विकास, 03 छोटे तथा मध्यम श्रेणी के नगरों का समेकित विकास, 001-निदेशन तथा प्रशासन, 06-नगर एवं ग्राम नियोजन अधिष्ठान'' के नामे डाली जायेगी।

3. स्वीकृत धनराशि व्यय करने के लिए बजट मैनुअल तथा फाइनेंशियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों का अनुपालन किया जाय एवं जहां अन्य अधिकारियों की स्वीकृति आवश्यक हो वहां व्यय करने से पूर्व स्वीकृत अवश्य प्राप्त की जाय। नियम विरूद्व व्यय के लिये सम्बन्धित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगें।

4. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्राविधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय
स्वामी नाथ पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

संख्या- 01/2019/642(1)/आठ-6-19, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (प्रथम), इलाहाबाद, उ0प्र0 ।
2. सम्बन्धित समस्त कोषाधिकारी, उ0प्र0 ।
3. वित्त सलाहकार, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. वित्त (व्यय -नियन्त्रण) अनुभाग-8
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
6. आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1
7. राज्य सूचना आयोग अनुभाग-1
8. नियोजन अनुभाग-4
9. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
सिद्धाशरण पाण्डेय
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 02/2019/ 643/आठ-6-19/02बजट/19

प्रेषक,

स्वामी नाथ पाण्डेय,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-6 लखनऊ : दिनांक 18 अप्रैल, 2019

विषय : विहित प्राधिकारियों के कार्यालय अधिष्ठान व्यय हेतु वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिये धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 के विहित प्राधिकारियों के कार्यालय अधिष्ठान व्यय हेतु वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में निहित प्राविधानों एवं शर्तो के अधीन अनुदान संख्या-002 मुख्य लेखा शीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं, 800-अन्य व्यय, 03-विहित अधिकारियों का अधिष्ठान के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिये कुल व्यवस्थित धनराशि रू0 9,39,02,000.00 (रूपये नौ करोड़ उन्तालिस लाख दो हजार मात्र) को निम्नलिखित विवरण के अनुसार आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि को आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, उक्त स्वीकृत धनराशि का विवरण निम्नवत् है :-

(धनराशि लाख में)

कोड नं0	मद	वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु कुल प्राविधानित धनराशि	वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु आवंटित/स्वीकृत धनराशि
1	2	3	4
01	वेतन	735.00	735.00
03	मंहगाई भत्ता	110.25	110.25
04	यात्रा व्यय	0.75	0.75
05	स्थानान्तरण यात्रा व्यय	1.65	1.65
06	अन्य भत्ते	8.00	8.00
07	मानदेय	0.01	0.01
08	कार्यालय व्यय	3.00	3.00
11	लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	1.10	1.10
12	कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	1.00	1.00
45	अवकाश यात्रा व्यय	2.31	2.31
49	चिकित्सा व्यय	10.00	10.00
51	वर्दी व्यय	0.20	0.20

http://shasanadesh.up.nic.in

52	पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय)	38.75	38.75
55	मकान किराया भत्ता	22.00	22.00
56	नगर प्रतिकर भत्ता	5.00	5.00
	कुल योग	939.02	939.02

(रूपये नौ करोड़ उन्तालिस लाख दो हजार मात्र)

3- उपरोक्त स्वीकृत धनराशि ''अनुदान संख्या- 2 मुख्य लेखा शीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-800-अन्य व्यय-03-विहित अधिकारियों का अधिष्ठान'' के नामे डाली जायेगी।

4- स्वीकृत धनराशि व्यय करने के लिए बजट मैनुअल तथा फाइनेंशियल हैंडबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों का अनुपालन किया जाय एवं जहां अन्य अधिकारियों की स्वीकृति आवश्यक हो वहाँ व्यय करने से पूर्व स्वीकृत अवश्य प्राप्त की जाय एवं नियम विरूद्ध व्यय के लिए सम्बन्धित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगें।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्राविधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय
स्वामी नाथ पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

संख्या- 02/2019/643(1)/आठ-6-19, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (प्रथम), इलाहाबाद उ0प्र0 ।
2. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. वित्त सलाहकार, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. वित्त (व्यय -नियन्त्रण) अनुभाग-8
5. वित्त (आय -व्ययक) अनुभाग-1/2
6. आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1
7. नियोजन अनुभाग-4
8. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
सिद्धाशरण पाण्डेय
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-03/2019/ 644/आठ-6-19/01बजट/2019

प्रेषक,

स्वामी नाथ पाण्डेय,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नगर भूमि सीमारोपण,
जवाहर भवन, लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-6 लखनऊ : दिनांक 18 अप्रैल, 2019

विषय : नगर भूमि (अधिकतम सीमा एवं विनियमन) निरसन अधिनियम,1999 के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि आवंटित/स्वीकृति जारी किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नगर भूमि (अधिकतम सीमा एवं विनियमन) निरसन अधिनियम,1999 के कार्यान्वयन हेतु वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में निहित प्राविधानों एवं शर्तो के अधीन अनुदान संख्या-002, मुख्य लेखा शीर्षक-3475-अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें, 201-भूमि सीमा (कृषि भूमि को छोड़कर), 03-शहरी भूमि सीमारोपण, 0301-मुख्यालय (निदेशालय स्तर) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिये कुल व्यवस्थित धनराशि रू0 6,63,64,000.00 (रूपये छः करोड़ तिरसठ लाख चौसठ हजार मात्र) को निम्नलिखित विवरण के अनुसार आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि को आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, उक्त स्वीकृत धनराशि का विवरण निम्नवत् है :-

अनुदान संख्या-002 के लेखा शीर्षक
3475-अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें,
201-भूमि सीमा (कृषि भूमि को छोड़कर)
03-शहरी भूमि सीमारोपण,
0301-मुख्यालय (निदेशालय स्तर)

(धनराशि लाख में)

कोड नं0	मद	वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु कुल प्राविधानित धनराशि	वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु आवंटित/स्वीकृत धनराशि
1	2	3	4
01	वेतन	446.82	446.82
03	मंहगाई भत्ता	67.02	67.02
04	यात्रा व्यय	6.65	6.65
05	स्थानान्तरण यात्रा व्यय	0.81	0.81
06	अन्य भत्ते	8.92	8.92
08	कार्यालय व्यय	2.60	2.60
09	विद्युत देय	0.40	0.40
11	लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	1.41	1.41

http://shasanadesh.up.nic.in

12	कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	0.86	0.86
13	टेलीफोन पर व्यय	0.47	0.47
16	व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	3.75	3.75
26	मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	0.39	0.39
42	अन्य व्यय	0.50	0.50
45	अवकाश यात्रा व्यय	3.50	3.50
47	कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय	1.60	1.60
49	चिकित्सा व्यय	8.72	8.72
51	वर्दी व्यय	0.10	0.10
52	पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय)	64.12	64.12
55	मकान किराया भत्ता	33.00	33.00
56	नगर प्रतिकर भत्ता	6.00	6.00
58	आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान	6.00	6.00
	कुल योग	663.64	663.64

(रूपये छः करोड़ तिरसठ लाख चौसठ हजार मात्र)

2- निदेशालय एवं 11 नगर बस्ती कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या एवं आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए उपर्युक्त स्वीकृत समस्त धनराशि को तत्काल आवंटित कर सूचना शासन को प्राथमिकता पर उपलब्ध करायी जाय।

3- उपरोक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय मितव्ययता संबंधी मदों में वित्तीय नियमों तथा वर्तमान में लागू आदेशों एवं वित्त संशाधन एवं केन्द्रीय सहायता अनुभाग एवं वित्त (सामान्य) अनुभाग द्वारा समय-समय पर प्रशासनिक मितव्ययता संबंधी निर्गत निर्देशों का अनुपालन प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जाय।

4- स्वीकृत धनराशि का आहरण संबंधित आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा यथा आवश्यकता धनराशि आहरित किया जायेगा। किसी भी दशा में धनराशि आहरित कर बैंक/ डाकघर में जमा नहीं की जायेगी।

5- उपर्युक्त धनराशि के संबंध में बजट नियन्त्रक अधिकारियों द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर नियमित रूप से व्यय-विवरण शासन के प्रशासनिक विभाग एवं वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-8 को उपलब्ध कराये जाये।

6- स्वीकृत की जा रही धनराशि को किसी भी दशा में किसी अन्य मद में शासन की बिना अनुमति के परिवर्तन कर आहरण न किया जाय।

7- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
स्वामी नाथ पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

संख्या- 03/2019/644(1)/आठ-6-19, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3. सक्षम प्राधिकारी, नगर भूमि सीमारोपण-अलीगढ, आगरा, इलाहाबाद, मेरठ, बरेली, गोरखपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, सहारनपुर, वाराणसी एवं कानपुर।
4. कोषाधिकारी/मुख्य कोषाधिकारी-अलीगढ, आगरा, इलाहाबाद, मेरठ, बरेली, गोरखपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, सहारनपुर, वाराणसी एवं कानपुर।

http://shasanadesh.up.nic.in

5. वित्त (आय -व्ययक) अनुभाग-1/2
6. वित्त (व्यय -नियन्त्रण) अनुभाग-8
7. आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1
8. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, लखनऊ।
9. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
10. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
सिद्धाशरण पाण्डेय
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या : 01/2019/529/आठ-4-2019-03स्मारक/2019

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,

प्रमुख सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सदस्य सचिव,

स्मारकों, संग्रहालयों, संस्थाओं, पार्कों व उपवनों आदि की

प्रबन्धन, सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति/**उपाध्यक्ष,**

लखनऊ विकास प्राधिकरण,

लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-4 **लखनऊः दिनांक 23 अप्रैल, 2019**

विषयः- **स्मारकों, संग्रहालयों, संस्थाओं, पार्कों व उपवनों आदि की प्रबन्धन, सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति के कार्मिकों के वेतन-भत्तों के लिए धनराशि की स्वीकृति (वित्तीय वर्ष 2019-20) के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय स्मारकों, संग्रहालयों, संस्थाओं, पार्कों व उपवनों आदि की प्रबन्धन, सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति के कार्मिकों के वर्ष 2019-20 के लिए अधिष्ठान व्यय (वेतन व भत्ते) के भुगतान हेतु की गयी **बजट व्यवस्था रू0 18000.00 लाख (रूपये एक अरब अस्सी करोड़ मात्र)** की धनराशि आहरित एवं व्यय किये जाने हेतु आवंटित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं :-

1. उक्त धनराशि को कोषागार से आहरण हेतु समिति के सदस्य सचिव द्वारा हस्ताक्षरित बिल को शासन में उपलब्ध कराया जायेगा तथा शासन स्तर पर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिल को प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा।
2. धनराशि का प्रत्येक माह कोषागार से आहरण यथासंभव आनुपातिक आधार पर आवश्यकतानुसार किया जायेगा।
3. स्वीकृत धनराशि के उपयोग के संबंध में वित्त नियम संग्रह खण्ड-5 (भाग-1) के अध्याय सोलह-ए में दिये गये सहायक अनुदान के लिए सामान्य नियमों के साथ-साथ तत्संबंधी स्थायी आदेशों का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
4. धनराशि के आवंटन (एलाटमेंट) मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है, जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी ।
5. व्यय के प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

-2-

6. धनराशि का आवंटन एवं आवंटित/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के संबंध में वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94, दि0 06.06.1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक **"2217-शहरी विकास-01-राज्य की राजधानी का विकास-800-अन्य व्यय-05-स्मारकों, संग्रहालयों, संस्थाओं, पार्कों व उपवनों आदि की प्रबन्धन, सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति के कार्मिकों के वेतन-भत्ते आदि-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन)"** के नामें डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22.03.2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव।

संख्या : 01/2019/529(1)/आठ-4-2019, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3. आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
4. जिलाधिकारी, लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7. वित्त(व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-8/वित्त(आय-व्ययक)अनु0-1, उत्तर प्रदेश शासन।
8. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
9. वित्त नियंत्रक, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
10. निदेशक, आवास बन्धु को शासनादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
11. नियोजन अनुभाग-4, उत्तर प्रदेश शासन।
12. लेखा प्रकोष्ठ, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
13. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

मनोज कुमार मौर्य
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-2/2019/544/आठ-4-2019-19एन/2019

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,

प्रयागराज, अयोध्या, मथुरा एवं बांदा।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-4 **लखनऊ : दिनांक : 30 अप्रैल, 2019**

विषयः **नजूल भूमि के प्रबन्ध एवं निस्तारण हेतु कर्मचारियों के अधिष्ठान संबंधी व्यय के लिए वित्तीय वर्ष 2019-20 में धनराशि का आवंटन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नजूल भूमि के प्रबन्ध एवं निस्तारण हेतु आपके अधीनस्थ कार्यरत कर्मचारियों के अधिष्ठान व्यय हेतु श्री राज्यपाल महोदय द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-002 के लेखाशीर्षक "2029-भू-राजस्व-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-कलेक्टरों के कार्यालय(नजूल)"के अन्तर्गत प्राविधानित संलग्नक के अनुसार जनपदवार कुल धनराशि रू0 1,50,53,000/- (रूपये एक करोड़ पचास लाख तिरपन हजार मात्र) आवंटित कर आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2. उक्त आवंटित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 06 जून, 1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

3. व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

4. जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार अथवा अन्य सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी हो, उन मामलों में व्यय से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

5. 01 जनवरी,2016 से प्रभावी पुनरीक्षित वेतन के अवशेष के भुगतान के संबंध में वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-24/2017/वे0आ0-2-1149/दस-04(एम)/2016 दिनांक 22 दिसम्बर, 2017 एवं अन्य सुसंगत शासनादेशों की शर्तों एवं प्रतिबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

6. उक्त आवंटित धनराशि का व्यय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22.03.2019 उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा तथा किसी भी दशा में आवंटित धनराशि से अधिक व्यय नहीं किया जायेगा।

7. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/ दस-2019-231/2019, दिनांक 22.03.2019 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

भवदीया,

अपूर्वा दुबे
विशेष सचिव।

संख्या-2/2019 /544(1)/आठ-4-2019, तद-दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार उ0प्र0, प्रयागराज।

2- अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व/नजूल)/आहरण एवं वितरण अधिकारी, प्रयागराज, अयोध्या, मथुरा व बाँदा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया वे अपने जनपद से सम्बन्धित बजट आवंटन को निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ से सम्पर्क कर इन्टरनेट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

3- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त बजट आवंटन को इन्टरनेट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

4- कोषाधिकारी, प्रयागराज, अयोध्या, मथुरा, बांदा।

5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8

6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1

7- आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1

8- अनुभाग अधिकारी (लेखा), आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त बजट आवंटन को इन्टरनेट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

9- बजट/गार्ड पत्रावली ।

आज्ञा से,

मनोज कुमार मौर्य
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-2/2019/544/आठ-4-2019-19एन/2019, दिनांक 30 अप्रैल, 2019 का संलग्नक।

अनुदान संख्या-002

लेखाशीर्षक

2029-भू-राजस्व

001-निदेशन तथा प्रशासन

03-कलेक्टरों के कार्यालय (नजूल)

धनराशि (लाख रूपये में)

मानक मद	वित्तीय वर्ष 2019-20				
	प्रयागराज	अयोध्या	मथुरा	बांदा	
1	2	3	4	5	6
01-वेतन	15.00	87.81	2.25	4.00	109.06
03-महंगाई भत्ता	2.25	13.17	0.34	0.60	16.36
04-यात्रा व्यय	0.40	0.20	0.00	0.00	0.60
06- अन्य भत्ते	0.52	3.06	0.08	0.14	3.80
07- मानदेय	0.01	0.02	0.01	0.01	0.05
08- कार्यालय व्यय	0.65	0.75	0.25	0.55	2.20
09- विद्युत व्यय	0.50	0.50	0.50	0.50	2.00
11-लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	0.22	0.18	0.00	0.15	0.55
12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	0.09	0.10	0.00	0.05	0.24
45-अवकाश यात्रा व्यय	0.34	0.10	0.00	0.06	0.50
49- चिकित्सा व्यय	0.60	1.25	0.00	0.20	2.05
51- वर्दी व्यय	0.00	0.12	0.00	0.00	0.12
52-पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय)	1.00	5.90	0.05	0.05	7.00
55-मकान किराया भत्ता	0.55	3.22	0.08	0.15	4.00
56-नगर प्रतिकर भत्ता	0.14	0.80	0.02	0.04	1.00
58-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान	0.40	0.40	0.10	0.10	1.00
योग-	22.67	117.58	3.68	6.60	150.53

मनोज कुमार मौर्य
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या :4/2019/633/आठ-1-19-31विविध/2009

प्रेषक,

माला श्रीवास्तव,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान,
विपिन खण्ड, गोमतीनगर, उ0प्र0, लखनऊ ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ:दिनांक 07 मई, 2019

विषयः- अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के अधिष्ठान व्यय (वेतन) के लिए वित्तीय स्वीकृति (वित्तीय वर्ष 2019-20) के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आहरण वितरण अधिकारी, कृते निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के पत्रांक-01/शा0अनु0/2019-20/10, दिनांक 26.04.2019 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि, श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के कर्मियों के अधिष्ठान व्यय (वेतन) के लिए धनराशि रू0 67.60/- लाख (रूपये सड़सठ लाख साठ हजार मात्र) आहरित कर व्यय करने की सहर्ष स्वीकृति निम्न शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) स्वीकृत धनराशि शासनादेश संख्या-1801(1)/आठ-1-09-31विविध/09, दिनांक 18 जून, 2009 में निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय की जायेगी।

(2) स्वीकृत धनराशि कोषागार से आहरित करके आहरण की बाउचर संख्या एवं तिथि की सूचना शासन तथा महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद को उपलब्ध करायी जायेगी तथा स्वीकृत की जा रही धनराशि बैंक/पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(3) उक्त धनराशि को कोषागार से आहरण हेतु संस्थान के निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित बिल को प्रतिहस्ताक्षरित करने के लिए शासन में उपलब्ध कराये जाने पर शासन स्तर पर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा।

(4) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर निर्गत शासनादेशों एवं वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 के प्राविधान के अनुरूप किया जायेगा।

(5) स्वीकृत धनराशि के उपयोग के संबंध में वित्त नियम संग्रह खण्ड-5 (भाग-1) के अध्याय सोलह-ए में दिये गये सहायक अनुदान के लिए सामान्य नियमों के साथ-साथ तत्संबंधी स्थायी आदेशों का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(6) व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान द्वारा मदवार व्यय का विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन एवं महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद को उपलब्ध कराया जायेगा।

(8) अनुदान के सदुपयोग हेतु संस्थान की गवर्निंग कौंसिल उत्तरदायी होगी तथा संस्थान के लेखों का आडिट स्थानीय निधि लेखा परीक्षा से कराया जायेगा।

(9) यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त स्वीकृत धनराशि का आवंटन (एलाटमेंट) मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है, जिन मामलों में सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति/अनुमोदन प्राप्त किया जाना आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति/अनुमोदन अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लिया जायेगा।

(10) उपकरणों आदि का क्रय स्टोर परचेज रूल्स एवं संगत वित्तीय नियमों के तहत किया जायेगा।

(11) स्वीकृत धनराशि का व्यय संस्थान के नवीन निर्माणाधीन भवन के फर्नीशिंग इत्यादि कार्य के लिए नहीं किया जायेगा।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-06-अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश-31-सहायता अनुदान-सामान्य(वेतन)" के अन्तर्गत प्राथमिकता इकाईयों के नामे डाला जायेगा:-

(धनराशि लाख रूपये में)

67.60

31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन)

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
माला श्रीवास्तव
विशेष सचिव।

संख्या :4/2019/633(1)/आठ-1-19, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3. मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, कानपुर।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. आहरण एवं वितरण अधिकारी, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. अध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, विपिन खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
7. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, शासन।
8. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, इलाहाबाद।
9. निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ ।
10. निदेशक, आवास बन्धु को शासनादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
11. निदेशक (प्रशासन), आवास बन्धु लखनऊ।
12. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13. नियोजन अनुभाग-4, उ.प्र. शासन।
14. लेखा अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
15. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

संख्या :-5/2019/584/आठ-1-19-50बजट/2014

प्रेषक,

माला श्रीवास्तव,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक- 18 मई, 2019

विषयः- लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के क्रियान्वयन हेतु लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन को भूमि हेतु सब-ऑर्डिनेट ऋण की बजट व्यवस्था के सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि (वित्तीय वर्ष 2019-20) की स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक वित्त, लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन लि0, लखनऊ के पत्रांक-3061/एल0एम0आर0सी0/एफ-4/v, दिनांक 04.04.2019, शासनादेश सं0-868/आठ-1-17-50बजट/2014, दि0-08.06.2018 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि, लखनऊ में मेट्रो रेल परियोजना के क्रियान्वयन हेतु गठित लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन (एल.एम.आर.सी.) नामक विशेष प्रयोजन साधन (एस.पी.बी.) के डी0पी0आर0 में राज्य सरकार द्वारा भूमि हेतु 'सब-आर्डिनेटडेट' ऋण के रूप में मात्राकृत धनराशि रू0 16.95 करोड़ के सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि रु0 **16,95,00000/-** (रूपये सोलह करोड़ पच्चानवे लाख मात्र) की धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में आहरित कर लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन लि0, लखनऊ को भूमि हेतु सब-ऑर्डिनेट ऋण के रूप में उपलब्ध कराये जाने की श्री राज्यपाल महोदय द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(1) लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना को भूमि हेतु उपलब्ध कराया जा रहा सब-आर्डिनेट ऋण ब्याज मुक्त होगा तथा उक्त ऋण का प्रतिदान ऋण की अदायगी प्रधान ऋण के भुगतान किये जाने के पश्चात आगामी 10 वर्षों में समान वार्षिक किश्तों में लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन, लखनऊ द्वारा समय से किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 से अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(3) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन की होगी तथा लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाये।

(4) प्रश्नगत स्वीकृति परिव्यय के अन्तर्गत ही निर्गत की जायेगी। लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन द्वारा यथावश्यक नियोजन विभाग की सहमति प्राप्त कर ली जाये।

(5) स्वीकृत धनराशि एक मुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरितधनराशि बैंक/पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(6) लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(8) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(9) लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

(10) लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन द्वारा उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गयी शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टेण्डर्ड्स आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन द्वारा वैधानिक आपत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेंश सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही परियोजना निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(12) लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन द्वारा परियोजना की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के "लेखाशीर्षक-6217-शहरी विकास के लिए कर्ज-01-राज्य की राजधानी का विकास-190-सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश-04-लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन को **भूमि हेतु सब-ऑर्डिनेट ऋण-30-निवेश/ऋण**" के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-8-1131/दस-2019, दिनांक- 08 मई, 2019 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किया जा रहा हैं।

भवदीय,
माला श्रीवास्तव
विशेष सचिव।

संख्या-5/2019/584/(1)/आठ-1-19, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, (प्रथम एवं द्वितीय), उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार, (लेखा-परीक्षा), उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, लखनऊ।
4. प्रबन्ध निदेशक, मेट्रो रेल कारपोरेशन लि0 लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. निदेशक, आवास बन्धु, लखनऊ को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. वित्त(व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 एवं 2।
9. नियोजन अनुभाग-4।
10. लेखा अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को इस अनुरोध के साथ कि उक्त धनराशि का कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
11. निदेशक (प्रशासन), आवास बन्धु, लखनऊ।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

संख्या–914/आठ–1–19–43एलडीए/2006टी0सी0(ए)

प्रेषक,

माला श्रीवास्तव,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 **लखनऊ : दिनांक : 18 जून, 2019**

विषयः सी0एस0आई0 टावर्स, गोमतीनगर, लखनऊ के बहुमंजिली आवासीय भवनों के वार्षिक रख–रखाव कार्यो की वित्तीय स्वीकृति (2019–20) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, सी0एस0आई0 टावर्स वेलफेयर कमेटी लखनऊ के पत्र संख्या–सी0एस0आई0(टी0/26), दिनांक 31.05.2019, शासनादेश संख्या–116/आठ–1–19–43एलडीए/2006टी.सी.(ए), दिनांक 12.02.2019 एवं शासनादेश संख्या–1472/आठ–1–18–43एलडीए/2006टी.सी.(ए), दिनांक 23.08.2018 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, सी0एस0आई0 टावर्स, गोमतीनगर, लखनऊ के बहुमंजिली आवासीय भवनों के वार्षिक मरम्मती कार्यों एवं रख–रखाव हेतु वित्तीय वर्ष 2019–20 में बजट प्राविधानित धनराशि रू0 125.00 लाख में से गत वित्तीय वर्ष 2018–19 में अवशेष दो लाख की धनराशि को समायोजित करते हुए प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत धनराशि **रू0 60.50 लाख/–(रूपये साठ लाख पचास हजार मात्र)** चालू वित्तीय वर्ष 2019–20 में आहरित कर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धो के अधीन प्रदान करते हैं:–

(1) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त आहरित न कर आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक/डाकघर/पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(2) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य या मद में किया जायेगा।

(3) स्वीकृत धनराशि का बिल आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लेखा अनुभाग द्वारा बनाया जायेगा तथा उसे तत्काल कोषागार से आहरित करके आहरण के बाउचर संख्या व तिथि की सूचना शासन तथा महालेखाकार उत्तर प्रदेश इलाहाबाद को दी जायेगी। आहरित धनराशि आवास विकास परिषद को तत्काल उपलब्ध करायी जायेगी।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-बी-3-82-दस/2019, दिनांक 11.09.2019 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

4- उक्त धनराशि अनु सचिव/आहरण वितरण अधिकारी, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा 'ई-भुगतान' के माध्यम से ससमय भारतीय साधारण बीमा निगम, मुम्बई को भुगतान कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, (प्रथम एवं द्वितीय) एवं महालेखाकार लेखा परीक्षा (प्रथम/द्वितीय), उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ दो अतिरिक्त प्रतियों सहित।
3. वित्त आय-व्यय अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।
4. आहरण वितरण अधिकारी, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग (6 अतिरिक्त प्रतियां सहित)
5. आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लेखा अनुभाग को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु।
6. चीफ इन्वेस्टमेंट मैनेजर, भारतीय साधारण बीमा निगम, लि0 मुम्बई।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

संख्या:17/2019/1526/आठ-1-19-104बजट/2019

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवामें,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1

लखनऊ : दिनांक 09 अक्टूबर, 2019

विषयः- अयोध्या विकास क्षेत्र के पहाड़गंज क्षेत्र में सड़कों/नालियों के सौन्दर्यीकरण कार्य कराये जाने संबंधी परियोजना की वित्तीय स्वीकृति (2019-20) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-99/अ0अ0/भौ0स0ख0/परि0-परी0(252)/2019-20, दिनांक 21.08.2019 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अयोध्या विकास क्षेत्र के पहाड़गंज क्षेत्र में सड़कों/नालियों के सौन्दर्यीकरण कार्य कराये जाने संबंधी संलग्न परियोजनाओं की आगणित लागत रू0 5795644.00 + जी0एस0टी0 (नियमानुसार देय) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत धनराशि रू0 2897822.00 (रूपये अठ्ठाईस लाख सत्तानवे हजार आठ सौ बाईस मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में आहरित कर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(2) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी अयोध्या विकास प्राधिकरण की होगी तथा अयोध्या विकास प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाये।

(3) स्वीकृत धनराशि एक मुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक /डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(4) अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 के संगत प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(6) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(7) अयोध्या विकास प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

(8) अयोध्या विकास प्राधिकरण/कार्यदायी संस्था द्वारा लेबर सेस की धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

(9) अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेंश सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

(10) लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(11) कार्यदायी संस्था/अयोध्या विकास प्राधिकरण को सेन्टेज देय नहीं होगा। कार्यदायी संस्था द्वारा 1 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

(12) उक्त धनराशि का भुगतान वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों एवं शर्तों के अन्तर्गत ही किया जायेगा तथा बजट मैनुअल में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत व्यय का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

(13) स्वीकृत धनराशि का बिल आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लेखा अनुभाग द्वारा बनाया जायेगा तथा उसे तत्काल कोषागार से आहरित करके आहरण के बाउचर संख्या व तिथि की सूचना शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को दी जायेगी। आहरित धनराशि कार्यदायी संस्था-अयोध्या विकास प्राधिकरण को तुरन्त उपलब्ध करायी जायेगी।

(14) उक्त परियोजना की नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक तथा कार्यदायी संस्था-अयोध्या विकास प्राधिकरण होगी। कार्यदायी संस्था-अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक के माध्यम से स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के "लेखाशीर्षक-4217-शहरी विकास पर पूंजीगत परिव्यय-60-अन्य शहरी विकास योजनायें-800-अन्य व्यय-07-लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास (नये कार्य)-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीया,

अपूर्वा दुबे
विशेष सचिव।

संख्या :17/2019/1526(1)/आठ-1-19, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखाएवंहकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. मण्डलायुक्त, अयोध्या।
4. जिलाधिकारी, अयोध्या।
5. उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या।
6. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. निदेशक, आवास बन्धु को शासनादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
10. नियोजन अनुभाग-4, उ.प्र. शासन।
11. आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन। (लेखा अनुभाग) को इस अनुरोध के साथ कि धनराशि का कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को धनराशि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

शासनादेश संख्या-17/2019/1526/आठ-1-2019, दिनांक 09 अक्टूबर, 2019 का संलग्नक

अयोध्या विकास क्षेत्र के पहाड़गंज क्षेत्र में सड़कों/नालियों के सौन्दर्यीकरण संबंधी परियोजना में कराये जाने वाले कार्य

क्र0	कार्य का नाम	आगणन धनराशि
1.	रायबरेली रोड नाका से पहाड़गंज काली मंदिर होते हुये कृष्ण कुमार त्रिपाठी के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली मरम्मत का कार्य।	2717196.00
2.	बम बहादुर के मकान पहाड़गंज से राज मेडिकल स्टोर तक सड़क निर्माण कार्य।	3078448.00
	योग रू0	5795644.00

(रूपये सत्तावन लाख पच्चानवे हजार छः सौ चौवालीस मात्र)

अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव

संख्या:18/2019/1740/आठ-1-19-64बजट/2015

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवामें,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1

लखनऊ : दिनांक 09 अक्टूबर, 2019

विषयः- पुराने लखनऊ शहर में हुसैनाबाद टीले मस्जिद से जामा मस्जिद मार्ग, शीशमहल मार्ग एवं दुर्गा देवी मार्ग पर कोबाल स्टोन लगाने संबंधी परियोजना की अन्तिम किश्त की वित्तीय स्वीकृति (2019-20) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्र संख्या-325सीइसी2/2019, दिनांक 11.09.2019, शासनादेश संख्या-244/2016/2971/आठ-1-16-64बजट/2015, दिनांक 29 अगस्त, 2016, शासनादेश संख्या-208/2016/1939/आठ-1-16-64बजट/2015, दिनांक 13 जुलाई, 2016 एवं शासनादेश संख्या-171/2015/3170/आठ-1-15-64बजट/2015, दिनांक 30 अक्टूबर, 2015 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पुराने लखनऊ शहर में हुसैनाबाद टीले मस्जिद से जामा मस्जिद मार्ग, शीशमहल मार्ग एवं दुर्गा देवी मार्ग पर कोबाल स्टोन लगाने संबंधी परियोजना की मूल्यांकित लागत धनराशि रू0 3651.98 लाख के सापेक्ष अन्तिम किश्त के रूप में अवशेष 05 प्रतिशत धनराशि रू0 182.599 लाख के सापेक्ष रू0 50.00 लाख (रू0 पचास लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में आहरित कर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी। आहरित की गयी धनराशि किसी बैंक/डिपाजिट खाते/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। स्वीकृत धनराशि प्रस्तावित कार्यों पर व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत की सीमा तक व्यय की जायेगी, अन्य किसी योजना पर व्यवर्तन नहीं किया जायेगा। स्वीकृत की गयी धनराशि का व्यय विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन एवं महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज को उपलब्ध कराया जायेगा।

(2) स्वीकृत धनराशि का बिल आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लेखा अनुभाग द्वारा बनाया जायेगा तथा उसे तत्काल कोषागार से आहरित करके आहरण के बाउचर संख्या व तिथि की सूचना शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को दी जायेगी। आहरित धनराशि कार्यदायी संस्था-प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ को तुरन्त उपलब्ध करायी जायेगी।

(3) कार्य की विशिष्टियों, मानक, गुणवत्ता तथा कार्य एवं फण्डिंग की वर्तमान एवं भविष्य में अन्य योजनाओं में पुनरावृत्ति/द्विरावृत्ति न हो, कार्यदायी संस्था-प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(5) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(6) उक्त परियोजना की नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक तथा कार्यदायी संस्था- प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ होगी। कार्यदायी संस्था- प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक के माध्यम से स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों एवं वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 के अनुरूप किया जायेगा।

(8) कार्यदायी संस्था-लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा लेबर सेस की धनराशि का श्रम विभाग को समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(9) प्रायोजनान्तर्गत बाट-आउट आइटमस् के कार्य मदों का क्रय एवं स्थापना सुसंगत वित्तीय नियमों के अधीन किया जायेगा। बाट-आउट एवं प्रोप्राइटरी श्रेणी के कार्यों हेतु कोई सेन्टेज अनुमन्य नहीं होगा।

(10) कार्यदायी संस्था द्वारा सम्बन्धित प्रायोजना का विवरण ई-परियोजना प्रबन्धन की वेबसाईट पर अंकित किया जायेगा तथा तद्नुसार सूचना निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0 लखनऊ को उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त के अतिरिक्त कार्यस्थल पर शासन द्वारा पूर्व में दिये गये निर्देशानुसार कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण अंकित किया जायेगा।

(11) नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, लखनऊ/कार्यदायी संस्था-प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा प्रायोजना की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति के शासनादेश संख्या-171/2015/3170/आठ-1-15-64बजट/2015, दिनांक 30.10.2015 में उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(12) कार्यदायी संस्था-लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा लेबर सेस की धनराशि रू0 32.64 लाख का श्रम विभाग को समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(13) नोडल एजेन्सी मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, लखनऊ/कार्यदायी संस्था-प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा अधिष्ठान व्यय की धनराशि रू0 224.42 लाख, वित्त(लेखा) अनु0-2 के शासनादेश सं0-ए-2-23/दस-2011-74(4)/75/2011 दि0 25 जनवरी, 2011 के साथ पठित शासनादेश संख्या-ए-2-1606/दस-2014-17(4)/75, दि0-11.11.2014 द्वारा जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के अनुसार उक्त शासनादेश दिनांक-25.01.2011 के संलग्नक में प्रदर्शित लोक निर्माण विभाग के प्राप्ति लेखाशीर्षक '1054-सड़क तथा सेतु-800-अन्य प्राप्तियां-01 प्रतिशतता प्रभारों की वसूली' में समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ट्रान्सफर इन्ट्री द्वारा क्रेडिट करके जमा की जायेगी।

(14) नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, लखनऊ/कार्यदायी संस्था-लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा मूल्यह्रास आरक्षित निधि के अन्तर्गत 1.50 प्रतिशत की धनराशि रू0 48.97 लाख समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष सुसंगत लेखाशीर्ष में जमा की जायेगी।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के "लेखाशीर्षक-4217-शहरी विकास पर पूंजीगत परिव्यय-60-अन्य शहरी विकास योजनायें-800-अन्य व्यय-05-लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास (चालू कार्य)-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
अपूर्वा दुबे
विशेष सचिव।

संख्या :18/2019/1740(1)/आठ-1-19, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखाएवंहकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. मण्डलायुक्त, लखनऊ।
4. जिलाधिकारी, लखनऊ।
5. प्रमुख अभियंता/मुख्य अभियंता (मध्यक्षेत्र), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
6. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. निदेशक, आवास बन्धु को शासनादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
10. नियोजन अनुभाग-4, उ.प्र. शासन।
11. आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन। (लेखा अनुभाग) को इस अनुरोध के साथ कि धनराशि का कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को धनराशि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

संख्या:19/2019/1530/आठ-1-19-94बजट/2018

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवामें,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1

लखनऊ : दिनांक 10 अक्टूबर, 2019

विषयः- कुम्भ मेला-2019 हेतु ग्यारहवें चरण के अन्तर्गत त्रिवेणीपुरम आवास योजना, अवंतिका आवास योजना, नैनी के अन्तर्गत मार्गों का सौन्दर्यीकरण संबंधी परियोजना की वित्तीय स्वीकृति (2019-20) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के पत्र संख्या-637/अधि0अभि0/वि0प्रा0/2019-20, दिनांक 19.08.2019, शासनादेश संख्या-2399/आठ-1-18-94बजट/2018, दिनांक 24 दिसम्बर, 2018 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कुम्भ मेला-2019 हेतु ग्यारहवें चरण के अन्तर्गत त्रिवेणीपुरम आवास योजना एवं अवंतिका आवास योजना (नैनी) के अन्तर्गत मार्गों के सौन्दर्यीकरण संबंधी 04 परियोजनाओं की मूल्यांकित लागत धनराशि रू0 72544982.77 की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष संलग्न परियोजना के क्रमांक-2 पर अंकित परियोजना की लागत की 50 प्रतिशत धनराशि रू0 9804177.00 रोकते हुए शेष 03 परियोजनाओं की द्वितीय किश्त की अवशेष धनराशि रू0 26468314.00 (रूपये दो करोड़ चौसठ लाख अड़सठ हजार तीन सौ चौदह मात्र) को चालू वितीय वर्ष 2019-20 में आहरित कर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(2) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी प्रयागराज विकास प्राधिकरण की होगी तथा प्रयागराज विकास प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाय।

(3) स्वीकृत धनराशि एक मुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक /डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(4) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(5) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(6) प्रयागराज विकास प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

(7) प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापतियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेंश सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

(8) प्रयागराज विकास प्राधिकरण/कार्यदायी संस्था विकास प्राधिकरण को सेन्टेज देय नहीं होगा। कार्यदायी संस्था द्वारा 01 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

(9) प्रायोजनान्तर्गत बाट-आउट आइटमस् के कार्य मदों का क्रय एवं सुसंगत वित्तीय नियमों के अधीन तथा सामग्री/उपकरण का क्रय स्टोर परचेज रूल्स एवं सुसंगत वित्तीय नियमों के तहत किया जायेगा।

(10) प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 के संगत प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) बाट-आउट एवं प्रोप्राइटरी श्रेणी के कार्यों हेतु कोई सेन्टेज अनुमन्य नहीं होगा।

(12) स्वीकृत धनराशि का बिल आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लेखा अनुभाग द्वारा बनाया जायेगा तथा उसे तत्काल कोषागार से आहरित करके आहरण के बाउचर संख्या व तिथि की सूचना शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को दी जायेगी। आहरित धनराशि कार्यदायी संस्था-प्रयागराज विकास प्राधिकरण को तुरन्त उपलब्ध करायी जायेगी।

(13) उक्त परियोजना की नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक तथा कार्यदायी संस्था-प्रयागराज विकास प्राधिकरण होगी। कार्यदायी संस्था-प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक के माध्यम से स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के "लेखाशीर्षक-4217-शहरी विकास पर पूंजीगत परिव्यय-60-अन्य शहरी विकास योजनायें-800-अन्य व्यय-05-लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास (चालू कार्य)-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीया,
अपूर्वा दुबे
विशेष सचिव।

संख्या :19/2019/1530(1)/आठ-1-19, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखाएवंहकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. मण्डलायुक्त, प्रयागराज।
4. जिलाधिकारी, प्रयागराज।
5. उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज।
6. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. निदेशक, आवास बन्धु को शासनादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
10. नियोजन अनुभाग-4, उ.प्र. शासन।
11. आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन। (लेखा अनुभाग) को इस अनुरोध के साथ कि धनराशि का कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को धनराशि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

शासनादेश संख्या-19/2019/1530/आठ-1-2019, दिनांक 10 अक्टूबर, 2019

कुम्भ मेला-2019 हेतु ग्यारहवें चरण के अन्तर्गत त्रिवेणीपुरम आवास योजना, आवंतिका आवास योजना, नैनी के अन्तर्गत मार्गों का सौन्दर्यीकरण संबंधी परियोजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों का विवरण :-

क्र0सं0	कार्य का विवरण	लागत धनराशि (रूपये)
1-	**Renovation & Strengthening of Roads in Trivenipuram (Sector Ganga) Housing Scheme at Allahabad**	6711331.03
2-	**Renovation & Strengthening of Roads in Trivenipuram (Sector Yamuna IInd and Part of Yamuna 1st) Housing Scheme at Allahabad**	19608354.38
3-	**Renovation & Strengthening of Roads in Trivenipuram (Sector Sarswati) Housing Scheme at Allahabad**	5535127.59
3-	अवन्तिका आवास योजना (नैनी) के मुख्य मार्गों के सुदृढ़ीकरण का कार्य पार्ट-1 एण्ड पार्ट : रोड वर्क	40690169.77
सकल योग रू0		72544982.77

अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

संख्या:20/2019/1894/आठ-1-19-28बजट/2019

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवामें,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1

लखनऊ : दिनांक 16 अक्टूबर, 2019

विषयः- लखनऊ विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत शारदा नगर विस्तार योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के पहुँच मार्ग हेतु किला मोहम्मदी ड्रेन पर स्थित कल्वर्ट से प्रस्तावित स्थल तक नाले के बहाव से सड़क की मिट्टी को सुरक्षित करने हेतु सड़क व नाली के मध्य दीवार का निर्माण करते हुए सड़क सुदृढ़ीकरण के कार्य संबंधी परियोजना की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति (2019-20) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण के पत्र संख्या-429/(वी0सी0)इड्-02119, दिनांक 02.09.2019 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत शारदा नगर विस्तार योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के पहुँच मार्ग हेतु किला मोहम्मदी ड्रेन पर स्थित कल्वर्ट से प्रस्तावित स्थल तक नाले के बहाव से सड़क की मिट्टी को सुरक्षित करने हेतु सड़क व नाली के मध्य दीवार का निर्माण करते हुए सड़क सुदृढ़ीकरण के कार्य संबंधी परियोजना की आगणित लागत रू0 41268943.00 + जी0एस0टी0 (नियमानुसार देय) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत धनराशि रू0 20634471.00 (दो करोड़ छह लाख चौंतीस हजार चार सौ इकहत्तर रूपये मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में आहरित कर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(2) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण की होगी तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाये।

(3) स्वीकृत धनराशि एक मुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक /डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(4) लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 के संगत प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(6) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(7) लखनऊ विकास प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

(8) लखनऊ विकास प्राधिकरण/कार्यदायी संस्था द्वारा लेबर सेस की धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

(9) लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेंश सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

(10) लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(11) कार्यदायी संस्था/लखनऊ विकास प्राधिकरण को सेन्टेज देय नहीं होगा। कार्यदायी संस्था द्वारा 1 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

(12) उक्त धनराशि का भुगतान वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों एवं शर्तों के अन्तर्गत ही किया जायेगा तथा बजट मैनुअल में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत व्यय का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

(13) स्वीकृत धनराशि का बिल आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लेखा अनुभाग द्वारा बनाया जायेगा तथा उसे तत्काल कोषागार से आहरित करके आहरण के बाउचर संख्या व तिथि की सूचना शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को दी जायेगी। आहरित धनराशि कार्यदायी संस्था- लखनऊ विकास प्राधिकरण को तुरन्त उपलब्ध करायी जायेगी।

(14) उक्त परियोजना की नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक तथा कार्यदायी संस्था-लखनऊ विकास प्राधिकरण होगी। कार्यदायी संस्था-लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक के माध्यम से स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(15) प्रस्तावित स्थल पर सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्राप्त होने के उपरान्त ही सड़क का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के "लेखाशीर्षक-4217-शहरी विकास पर पूँजीगत परिव्यय-60-अन्य शहरी विकास योजनायें-800-अन्य व्यय-07-लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास (नये कार्य)-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
अपूर्वा दुबे
विशेष सचिव।

संख्या: 20/2019/1894(1)/आठ-1-19, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखाएवंहकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. मण्डलायुक्त, लखनऊ।
4. जिलाधिकारी, लखनऊ।
5. उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
6. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. निदेशक, आवास बन्धु को शासनादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
10. नियोजन अनुभाग-4, उ.प्र. शासन।
11. लेखा अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को इस अनुरोध के साथ कि धनराशि का कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को धनराशि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:21/2019/1627/आठ-1-19-29बजट/2019

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवामें,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1

लखनऊ : दिनांक 16 अक्टूबर, 2019

विषयः- लखनऊ विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत शारदा नगर विस्तार योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के पहुंच मार्ग हेतु बिजनौर रोड़ से किला मोहम्मदी ड्रेन पर स्थित कल्वर्ट तक पहुच मार्ग हेतु नाले के बहाव से सड़क की मिट्टी को सुरक्षित करने हेतु सड़क व नाली के मध्य दीवार का निर्माण संबंधी परियोजना की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति (2019-20) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण के पत्र संख्या-429/(वी0सी0)इइ-02119, दिनांक 02.09.2019 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत शारदा नगर विस्तार योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के पहुंच मार्ग हेतु बिजनौर रोड़ से किला मोहम्मदी ड्रेन पर स्थित कल्वर्ट तक पहुच मार्ग हेतु नाले के बहाव से सड़क की मिट्टी को सुरक्षित करने हेतु सड़क व नाली के मध्य दीवार का निर्माण संबंधी परियोजना की आगणित लागत रू0 31135946.00 + जी0एस0टी0 (नियमानुसार देय) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत धनराशि रू0 15567973.00 (एक करोड़ पचपन लाख सरसठ हजार नौ सौ तिहत्तर रूपये मात्र) को चालू वितीय वर्ष 2019-20 में आहरित कर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(2) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण की होगी तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाये।

(3) स्वीकृत धनराशि एक मुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(4) लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 के संगत प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(6) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(7) लखनऊ विकास प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

(8) लखनऊ विकास प्राधिकरण/कार्यदायी संस्था द्वारा लेबर सेस की धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

(9) लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेंश सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

(10) लेबर सैस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(11) कार्यदायी संस्था/लखनऊ विकास प्राधिकरण को सेन्टेज देय नहीं होगा। कार्यदायी संस्था द्वारा 1 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

(12) उक्त धनराशि का भुगतान वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों एवं शर्तों के अन्तर्गत ही किया जायेगा तथा बजट मैनुअल में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत व्यय का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

(13) स्वीकृत धनराशि का बिल आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लेखा अनुभाग द्वारा बनाया जायेगा तथा उसे तत्काल कोषागार से आहरित करके आहरण के बाउचर संख्या व तिथि की सूचना शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को दी जायेगी। आहरित धनराशि कार्यदायी संस्था- लखनऊ विकास प्राधिकरण को तुरन्त उपलब्ध करायी जायेगी।

(14) उक्त परियोजना की नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक तथा कार्यदायी संस्था-लखनऊ विकास प्राधिकरण होगी। कार्यदायी संस्था-लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक के माध्यम से स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(15) प्रस्तावित स्थल पर सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्राप्त होने के उपरान्त ही सड़क का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के "लेखाशीर्षक-4217-शहरी विकास पर पूँजीगत परिव्यय-60-अन्य शहरी विकास योजनायें-800-अन्य व्यय-07-लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास (नये कार्य)-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
अपूर्वा दुबे
विशेष सचिव।

संख्या :21/2019/1627(1)/आठ-1-19, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखाएवंहकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. मण्डलायुक्त, लखनऊ।
4. जिलाधिकारी, लखनऊ।
5. उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
6. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. निदेशक, आवास बन्धु को शासनादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
10. नियोजन अनुभाग-4, उ.प्र. शासन।
11. लेखा अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को इस अनुरोध के साथ कि धनराशि का कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को धनराशि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:22/2019/1320/आठ-1-19-65बजट/2019

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवामें,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1

लखनऊ : दिनांक 16 अक्टूबर, 2019

विषयः- लखनऊ विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत बिजनौर मार्ग पर शारदा नगर विस्तार योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के 2256 आवासों हेतु 2 गुणा 5 एम0वी0ए0 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण कार्य की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति (2019-20) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण के पत्र संख्या-467/सचिव/एए(इ/एम)/सिम, दिनांक 20.07.2019 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत बिजनौर मार्ग पर शारदा नगर विस्तार योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के 2256 आवासों हेतु 2 गुणा 5 एम0वी0ए0 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण कार्य संबंधी परियोजना की आगणित लागत रू0 43507353.88 + जी0एस0टी0 (नियमानुसार देय) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत धनराशि रू0 21753676.00 (दो करोड़ सत्रह लाख तिरपन हजार छः सौ छिहत्तर रूपये मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में आहरित कर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(2) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण की होगी तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाये।

(3) स्वीकृत धनराशि एक मुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक /डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(4) लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 के संगत प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(6) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(7) लखनऊ विकास प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

(8) लखनऊ विकास प्राधिकरण/कार्यदायी संस्था द्वारा लेबर सेस की धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

(9) लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेंश सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

(10) लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(11) कार्यदायी संस्था/लखनऊ विकास प्राधिकरण को सेन्टेज देय नहीं होगा। कार्यदायी संस्था द्वारा 1 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

(12) उक्त धनराशि का भुगतान वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों एवं शर्तों के अन्तर्गत ही किया जायेगा तथा बजट मैनुअल में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत व्यय का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

(13) स्वीकृत धनराशि का बिल आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लेखा अनुभाग द्वारा बनाया जायेगा तथा उसे तत्काल कोषागार से आहरित करके आहरण के बाउचर संख्या व तिथि की सूचना शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को दी जायेगी। आहरित धनराशि कार्यदायी संस्था- लखनऊ विकास प्राधिकरण को तुरन्त उपलब्ध करायी जायेगी।

http://shasanadesh.up.nic.in

(14) उक्त परियोजना की नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक तथा कार्यदायी संस्था-लखनऊ विकास प्राधिकरण होगी। कार्यदायी संस्था-लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक के माध्यम से स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(15) नियमानुसार परियोजना की सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति (डिटेल्ड एस्टीमेट, डिजाइन कैलकुलेशन, क्वानट्टीज आफ वर्क, रेट्स एवं कॉस्ट, ड्राईग्स इत्यादि) प्राप्त आगणन नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के पत्र दिनांक 11.06.2019 में उल्लखित दिशा-निर्देशों के अनुसार 02 प्रतियों में मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक को प्रस्तुत करने के उपरान्त ही प्राधिकरण द्वारा कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(16) परियोजना की अवशेष 50 प्रतिशत धनराशि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की संस्तुति के उपरान्त ही निर्गत की जायेगी।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के "लेखाशीर्षक-4217-शहरी विकास पर पूँजीगत परिव्यय-60-अन्य शहरी विकास योजनायें-800-अन्य व्यय-07-लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास (नये कार्य)-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
अपूर्वा दुबे
विशेष सचिव।

संख्या :22/2019/1320(1)/आठ-1-19, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखाएवंहकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. मण्डलायुक्त, लखनऊ।
4. जिलाधिकारी, लखनऊ।
5. उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
6. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. निदेशक, आवास बन्धु को शासनादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
10. नियोजन अनुभाग-4, उ.प्र. शासन।
11. लेखा अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को इस अनुरोध के साथ कि धनराशि का कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को धनराशि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:23/2019/1602/आठ-1-19-51बजट/2018

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवामें,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1

लखनऊ : दिनांक 31 अक्टूबर, 2019

विषयः- लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न नगरों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास मद (समग्र विकास) के अन्तर्गत अभियंत्रण खण्ड-3 के अन्तर्गत शंकरपुरवा द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत आदर्श नगर कालोनी, आदिलनगर, कल्याणपुर पश्चिम नाली एवं साइड पटरी का सुधार संबंधी परियोजना की वित्तीय स्वीकृति (2019-20) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-110/अ0अ0/भौ0स0ख0/परि-परी(233)/2019-20, दिनांक 30 अगस्त, 2019, शासनादेश संख्या-83/आठ-1-19-51बजट/2018, दिनांक 11 जनवरी, 2019 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न नगरों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास मद (समग्र विकास) के अन्तर्गत अभियंत्रण खण्ड-3 के अन्तर्गत शंकरपुरवा द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत आदर्श नगर कालोनी, आदिलनगर, कल्याणपुर पश्चिम नाली एवं साइड पटरी का सुधार संबंधी परियोजना की मूल्यांकित लागत धनराशि रू0 68.175 लाख + जी0एस0टी0 (नियमानुसार देय) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष द्वितीय किश्त के रूप में अवशेष धनराशि रू0 34.0875/- लाख (रू0 चौंतीस लाख आठ हजार सात सौ पचास मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में आहरित कर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(2) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी नगर निगम लखनऊ की होगी तथा नगर निगम लखनऊ यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाये।

(3) स्वीकृत धनराशि एक मुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक /डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। स्वीकृत धनराशि प्रस्तावित कार्यों अनुमोदित लागत की सीमा तक व्यय की जायेगी, अन्य किसी योजना पर व्यावर्तन नहीं किया जायेगा। स्वीकृत की गयी धनराशि का व्यय विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन एवं महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज को उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) समस्त कार्य अनुमोदित लागत की सीमा में समयान्तर्गत (6 माह) में पूर्ण कर लिये जायेंगे। मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का दायित्व कार्यदायी संस्था-नगर निगम, लखनऊ का होगा। भविष्य में इन सड़कों/नालियों का अनुरक्षण नगर निगम, लखनऊ द्वारा किया जायेगा।

(5) कार्यदायी संस्था-नगर निगम, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य की लागत सीमा को कम करने के उद्देश्य से टुकड़ों में अथवा प्रायोजना के स्कोप को कम करके अथवा प्राविधानों को कम करके लागत आंकलित नहीं की गयी है।

(6) नगर निगम लखनऊ यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

(7) नगर निगम लखनऊ द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेंश सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

(8) प्रायोजनान्तर्गत बाट-आउट आइटमस् के कार्य मदों का क्रय एवं स्थापना सुसंगत वित्तीय नियमों-के अधीन तथा सामग्री/उपकरणों का क्रय स्टोर परचेज रूल्स एवं सुसंगत वित्तीय नियमों के तहत किया जायेगा।

(9) कार्यदायी संस्था द्वारा संबंधित प्रायोजना का विवरण ई-परियोजना प्रबन्धन की वेबसाईट पर अंकित किया जायेगा तथा कार्यस्थल पर शासन द्वारा पूर्व में दिये गये निर्देशानुसार कार्य के संबंध में विस्तृत विवरण अंकित किया जायेगा।

(10) कार्यदायी संस्था/नगर निगम, लखनऊ को सेन्टेज देय नहीं होगा। कार्यदायी संस्था द्वारा 1 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

(11) उक्त धनराशि का भुगतान वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों एवं शर्तों के अन्तर्गत ही किया जायेगा तथा बजट मैनुअल में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत व्यय का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

(12) स्वीकृत धनराशि का बिल आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लेखा अनुभाग द्वारा बनाया जायेगा तथा उसे तत्काल कोषागार से आहरित करके आहरण के बाउचर संख्या व तिथि की सूचना शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को दी जायेगी। आहरित धनराशि कार्यदायी संस्था-नगर निगम लखनऊ को तुरन्त उपलब्ध करायी जायेगी।

(13) उक्त परियोजना की नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक तथा कार्यदायी संस्था-नगर निगम लखनऊ होगी। कार्यदायी संस्था-नगर निगम लखनऊ द्वारा नोडल एजेन्सी-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक के माध्यम से स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के "लेखाशीर्षक-4217-शहरी विकास पर पूंजीगत परिव्यय-60-अन्य शहरी विकास योजनायें-800-अन्य व्यय-05-लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास (चालू कार्य)-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
अपूर्वा दुबे
विशेष सचिव।

संख्या :23/2019/1602(1)/आठ-1-19, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखाएवंहकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. मण्डलायुक्त, लखनऊ।
4. जिलाधिकारी, लखनऊ।
5. नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ।
6. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. निदेशक, आवास बन्धु को शासनादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
10. नियोजन अनुभाग-4, उ.प्र. शासन।
11. आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन। (लेखा अनुभाग) को इस अनुरोध के साथ कि धनराशि का कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को धनराशि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

उत्तर प्रदेश शासन

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग–2

संख्या–8/2019/684/94स्टा0नि0.2-2019-700(394)/2017

लखनऊ : दिनांक 05 नवम्बर, 2019

अधिसूचना

आदेश

"साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (अधिनियम संख्या 10 सन् 1897) की धारा 21 के साथ पठित उत्तर प्रदेश में उसकी प्रवृति के सम्बन्ध में यथा संशोधित भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (अधिनियम संख्या 2 सन् 1899) की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके, राज्यपाल इस अधिसूचना के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद तथा विकास प्राधिकरणों द्वारा, राज्य सरकार की "लैण्ड पूलिंग स्कीम" के पायलट परियोजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में निष्पादित निम्नलिखित लिखतों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क में छूट प्रदान करती है:–

1– उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् और विकास प्राधिकरण तथा भूस्वामियों के मध्य निष्पादित भूमि विकास करारय और

2– भूमि विकास के पश्चात पुनर्गठित भूमि/भूखण्डों के उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् अथवा किसी विकास प्राधिकरण द्वारा भू–स्वामियों के पक्ष में निष्पादित हस्तांतरण विलेखय

परन्तु यह कि विकसित भूमि/भूखण्डों के मूल आवंटियों/आवास एवं विकास परिषद और विकास प्राधिकरणों द्वारा निष्पादित अग्रतर विक्रय/हस्तान्तरण विलेख पर नियमानुसार स्टाम्प शुल्क प्रभार्य होगा।"

आज्ञा से,

वीना कुमारी
प्रमुख सचिव।

1– यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2– इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shashnadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

संख्या–8/2019/684/स्टा0नि0.2.2019.700;394द्ध2017, दिनांक 05 नवम्बर, 2019

प्रतिलिपि हिन्दी तथा अंग्रेजी अधिसूचना की प्रति सहित संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय ऐशबाग, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे इसे दिनांक 05.11.2019 के असाधारण गजट के भाग–4 के खण्ड (ख) में अवश्य प्रकाशित करा दें और तत्पश्चात् गजट की सौ प्रतियाँ स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग–2 को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा
विशेष सचिव।

संख्या–8/2019/684द्ध/स्टा0नि0-2-2019-700(394)/2017, दिनांक 05 नवम्बर, 2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार, लेखा परीक्षा (प्रथम एवं द्वितीय), उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2. मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
4. आयुक्त स्टाम्प / महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
6. प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
7. सूचना निदेशक, उत्तर प्रदेश सूचना निदेशालय, उत्तर प्रदेश शासन।
8. समस्त जिलाधिकारी, उत्त रप्रदेश।
9. आयुक्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद्, महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ।
10. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
11. अधिशासी निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0 जनपद, लखनऊ।
12. समस्त उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
13. समस्त उपायुक्त स्टाम्प / उपमहानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश।
14. समस्त सहायक आयुक्त सटाम्प / सहायक महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश।
15. विधायी अनुभाग–1 उत्तर प्रदेश शासन।
16. भाषा अनुभाग–5 उत्तर प्रदेश शासन।
17. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा
विशेष सचिव।

1– यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2– इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shashnadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

UTTAR PRADESH SHASAN
STAMP EVAM NIBANHAN ANUBHAG-2

In pursuance of provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Government notification No.8/2019/684/94-S.R.-2-2019-700(394)/2017, Dated, 05 November, 2019.

Notification
Order

No.8/2019/684/94-S.R.-2-2019-700(394)/2017,

Lucknow : Dated, 05 November, 2019

"In exercise of the powers under clause (a) sub section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (Act no. 2 of 1899) as amended in its application to Uttar Pradesh read with section 21 of the General Clauses Act, 1897 (Act No. 10 of 1897), the Governor is pleased to remit with effect from the date of the publication of this notification, stamp duty chargeable on following instruments executed by Uttar Pradesh Awas evam Vikas Parishad and Development Authorities, relating to implementation of pilot projects of Land Pooling Scheme of the State Government;-

1- Land development agreement executed between Uttar Pradesh Awas evam Vikas Parishad and Development Authority and land owners; and
2- Conveyance deed of land/plots, reorganized after development, executed by Uttar Pradesh Awas Evam Vikas Parishad on a Development Authority in favour of land owners;

Provided that onward sell/conveyance deed of developed land/plots, executed by original alloties/Uttar Pradesh Awas evam Vikas Parishad and Development Authorities, shall be chargeable with the stamp duty as per rules."

By order,

Veena Kumari
Pramukh Sachiv

संख्या :25/2019/1946/आठ-1-19-43एलडीए/2006टी.सी.(ए)

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 14 नवम्बर, 2019

विषयः-सी0एस0आई0 टावर्स, गोमतीनगर, लखनऊ के बहुमंजिली आवासीय भवनों के वार्षिक रख-रखाव कार्यों की वित्तीय स्वीकृति (2019-20) के संबंध में ।

महोदय,

14	बृजेश कुमार (अ0जा0)	01.01.75	सीधी भर्ती	16.10.99 (23)	03.08.15 (पदोन्नति)
15	सत्य प्रकाश वर्मा (अ0जा0)	20.07.69	सीधी भर्ती	16.10.99 (24)	03.08.15 (पदोन्नति)
16	अनिल कुमार प्रथम (अ0जा0)	15.07.71	सीधी भर्ती	16.10.99 (25)	03.08.15 (पदोन्नति)
17	अनिल कुमार द्वितीय (अ0जा0)	04.11.72	सीधी भर्ती	16.10.99 (26)	03.08.15 (पदोन्नति)
18	आरक्षित			(27)	
19	लाला सतीश कुमार सुमन (अ0जा0)	05.03.73	सीधी भर्ती	16.10.99 (28)	03.08.15 (पदोन्नति)
20	मनोज कुमार सिंह (अ0जा0)	04.04.76	सीधी भर्ती	16.10.99 (29)	03.08.15 (पदोन्नति)
21	भगत सिंह (अ0जा0)	06.11.73	सीधी भर्ती	16.10.99 (30)	03.08.15 (पदोन्नति)
22	प्रदीप कुमार सिंह	25.12.59	दैनिक वेतन/ संविदा/ वर्कचार्ज	23.07.03 (38)	04.01.19 (पदोन्नति)
23	सुशील कुमार श्रीवास्तव	17.07.60	तदैव	23.07.03 (39)	04.01.19 (पदोन्नति)
24	कौशल कुमार	06.10.61	तदैव	23.07.03 (40)	04.01.19 (पदोन्नति)
25	वीरेन्द्र प्रताप मिश्र	15.06.62	तदैव	23.07.03 (41)	04.01.19 (पदोन्नति)
26	विजय कुमार श्रीवास्तव	23.09.60	तदैव	23.07.03 (42)	04.01.19 (पदोन्नति)
27	सत्येन्द्र कुमार	15.01.61	तदैव	23.07.03 (43)	04.06.19 04.01.19 (पदोन्नति)

2- उपर्युक्त मार्गदर्शी सिद्धान्तों के आधार पर उ0प्र0 विकास प्राधिकरण केन्द्रीयित सेवा के अभियन्त्रण संवर्ग के सहायक अभियन्ता (वि0/यॉ0) की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची निर्गत करते हुए मुझे यह

http://Shasanadesh.up.nic.in

कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त वरिष्ठता सूची सम्बन्धित अभियन्तागण को 02 दिन के अन्दर उपलब्ध करा दें ताकि यदि उन्हें कोई आपत्ति हो तो पत्र प्राप्ति के 15 दिन के अन्दर समुचित/प्रमाणिक साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति व्यक्तिगत/प्राधिकरण के माध्यम से शासन को उपलब्ध करा दें। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी और न ही इस पर विचार किया जायेगा। कृपया उपरोक्तानुसार तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
राजेश प्रताप सिंह
संयुक्त सचिव।

http://Shasanadesh.upnic.in

ऑन–लाईन बिल्डिंग प्लान एप्रूवल सिस्टम

शीर्ष प्राथमिकता/अति महत्वपूर्ण
संख्या–563/आठ–3–19–26विविध/2017 टी0सी0

प्रेषक,

माला श्रीवास्तव,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

आवास एंव शहरी नियोजन अनुभाग–3 **लखनऊ दिनांक : 20 जून, 2019**

विषयः– Online Building Plan Approval system (OBPAS) को लागू करने हेतु मानचित्र स्वीकृत की प्रकिया के निर्धारण एवं मानचित्र स्वीकृति सम्बन्धी शुल्कों में एकरूपता व पारदर्शिता लाए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 के अधीन घोषित विकास क्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी प्रकार के विकास/निर्माण हेतु उक्त अधिनियम की धारा–14(1) के अनुसार उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण से अनुज्ञा प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। विकास/निर्माण अनुज्ञा प्राप्त किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पर अनुज्ञा प्रदान किए जाने से पूर्व उक्त अधिनियम की धारा–15(2ए) के अधीन प्राधिकरण को विभिन्न शुल्क उद्ग्रहीत किए जाने का अधिकार है। इसके अतिरिक्त कतिपय शुल्क महायोजना जोनिंग रेगुलेशन्स, भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा शासनादेशों के अनुपालन में लिए जाने की भी व्यवस्था है।

2– इस सम्बन्ध में शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि प्रदेश के विभिन्न विकास प्राधिकरणों/परिषद द्वारा विकास/निर्माण अनुज्ञा प्रदान किए जाने के समय लिए जा रहे शुल्कों में एकरूपता नहीं है तथा कुछ विकास प्राधिकरणों द्वारा कतिपय शुल्क विधिक प्राविधानों के विरूद्व उद्ग्रहीत किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा जारी 'बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान, 2017' के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों तथा आवास एवं विकास परिषद में एक "काम्प्रीहेन्सिव यूनिफार्म बिल्डिंग कोड" तथा "ऑनलाईन बिल्डिंग प्लान एप्रूवल सिस्टम" लागू किए जाने के निर्देश हैं। अतः भवन उपविधियों तथा विकास एवं निर्माण अनुज्ञा हेतु लिए जाने वाले शुल्कों में एकरूपता होना आवश्यक है। उपर्युक्त के दृष्टिगत विकास प्राधिकरणों तथा उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद में "आनलाईन बिल्डिंग प्लान एप्रूवल सिस्टम" को लागू कराने के लिये रोड मैप तैयार करने तथा शासन को आवश्यक सुझाव उपलब्ध कराने के लिये शासनादेश संख्या–512/आठ–3–19–26विविध/17 टीसी, दिनांक 31.05.2019 द्वारा आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी।

3– उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की अध्यक्षता में गठित उक्त समिति द्वारा उपलब्ध करायी गयी संस्तुतियों पर सम्यक विचारोपरान्त शासन द्वारा विभिन्न शुल्कों के उद्ग्रहण तथा मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया में एकरूपता व पारदर्शिता लाये जाने हेतु समस्त विकास प्राधिकरणों

तथा उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद में तात्कालिक प्रभाव से निम्न व्यवस्था लागू किये जाने का निर्णय लिया गया हैं:–

3.1 विभिन्न शुल्कों को उद्ग्रहीत किये जाने के सम्बन्ध में:–

3.1.1. विकास अनुज्ञा शुल्क:

'विकास अनुज्ञा शुल्क' का तात्पर्य उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम की धारा–15(1) के अधीन भू–विन्यास मानचित्र (ले–आउट प्लान) जो 'नए विकास' अथवा 'पुनर्विकास' के लिए हो सकता है, की स्वीकृति हेतु प्राधिकरण/परिषद द्वारा लिए जाने वाले शुल्क से है। भूमि के क्षेत्रफल के आधार पर विकास अनुज्ञा शुल्क की दरें निम्नवत् निर्धारित की जाती है।:–

भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	विकास अनुज्ञा शुल्क
• 1.0 तक	रू0 10,000/–
• 1.0 से अधिक एवं 2.5 तक	रू0 20,000/–
• 2.5 से अधिक एवं 5.0 तक	रू0 30,000/–
• 5.0 से अधिक तथा प्रत्येक अतिरिक्त 5.0 हेक्टेयर अथवा उसके अंश पर	रू0 15,000/–

उक्त के अतिरिक्त आवास बन्धु, उ0प्र0 एवं साफ्टवेयर सर्विस प्रोवाइडर के मध्य नियमानुसार निष्पादित अनुबन्ध के अनुसार ले–आउट प्लान के कुल क्षेलफल पर प्रति वर्ग मीटर परीक्षण शुल्क (बतनजपदल थ्मम) देय होगा।

3.1.2 भवन निर्माण अनुज्ञा शुल्क:

(क) प्राधिकरण/परिषद द्वारा लिये जाने वाले शुल्क

'भवन निर्माण अनुज्ञा शुल्क' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा–15(1) के अधीन भवन मानचित्र की स्वीकृति हेतु लिए जाने वाले शुल्क से है। भवन निर्माण अनुज्ञा हेतु भवन के कुल निर्मित क्षेत्रफल के आधार पर विभिन्न भू–उपयोगों के मानचित्रों हेतु भवन निर्माण अनुज्ञा शुल्क की दरें निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

भू–उपयोग/क्रिया	भवन निर्माण अनुज्ञा शुल्क (रू0 प्रति व.मी.)
• व्यवसायिक/शापिंग काम्लेक्स/शापिंग मॉल, सिनेमा/मल्टीप्लेक्स, मिश्रित, कार्यालय उपयोग,	रू0 30/–
• ग्रुप हाउसिंग	रू0 15/–
• भूखण्डीय आवासीय एवं अन्य उपयोग	रू0 5/–

उक्त के अतिरिक्त आवास बन्धु, उ0प्र0 एवं साफ्टवेयर सर्विस प्रोवाइडर के मध्य नियमानुसार निष्पादित अनुबन्ध के अनुसार भवन के कुल कारपेट एरिया पर प्रति वर्ग मीटर मानचित्र परीक्षण शुल्क (बतनजपदल थ्मम) देय होगा।

टिप्पणी: विकास/निर्माण अनुज्ञा हेतु प्रस्तुत आवदेन निरस्त होने के पश्चात् यदि आवेदक द्वारा छः माह के अन्दर पुनः आवेदन किया जाता है, तो पुनः विकास/निर्माण अनुज्ञा शुल्क देय नहीं होगा। छः माह से एक वर्ष की अवधि के अन्दर आवेदन करने पर शुल्क की आधी धनराशि तथा एक वर्ष के पश्चात् आवदेन करने पर पूर्ण शुल्क देय होगा।

3.1.3 निरीक्षण शुल्क

इस हेतु पूर्व में जारी समस्त शासनादेशों के अन्तर्गत निर्धारित निरीक्षण शुल्क की दरों को सी.पी.डब्लू.डी. के कॉस्ट इन्फलेशन इन्डेक्स के आधार पर वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु पुनरीक्षित करते हुए निम्नवत् निर्धारित किया जाता है:–

प्रयोजन	निरीक्षण शुल्क
• भवन निर्माण अनुज्ञा हेतु	रू0 20/– प्रति वर्ग मीटर (भवन के कुल तल क्षेत्रफल पर)
• विकास अनुज्ञा हेतु	रू0 10/– प्रति वर्ग मीटर (ले–आउट प्लान के कुल भूमि क्षेत्रफल पर)

टिप्पणी: शासनादेश संख्या–612/9–आ–3–98–7वी/98, दिनांक 10.03.1998 के अनुसार पर्यवेक्षण/निरीक्षण शुल्क सभी प्रकार के भवन मानचित्रों पर लागू होगा चाहे वह एक तल के हो अथवा बहुखण्डीय या बहुमंजिला निर्माण हो।

3.1.4 विकास/निर्माण अनुज्ञा अवधि में वृद्धि हेतु शुल्क

अधिनियम की धारा–15(1) के अधीन प्रदान की गयी विकास अथवा निर्माण अनुज्ञा की अवधि नियमानुसार बढ़ाने हेतु उपरोक्त प्रस्तरों की तालिका कमशः 3.1.1 एवं 3.1.2 में उल्लिखित दरों का 50 प्रतिशत शुल्क लिया जाएगा। उक्त के अतिरिक्त यथास्थिति, निरीक्षण शुल्क की शत–प्रतिशत धनराशि ली जाएगी।

3.1.5 विकास शुल्क

'विकास शुल्क' का तात्पर्य विकास क्षेत्र में सड़क नाली, सीवर लाईन, विद्युत–आपूर्ति और जलापूर्ति आदि के विकास/निर्माण के लिए प्राधिकरण द्वारा उ0प्र0 नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 की धारा–15 के अधीन व्यक्तियों अथवा निकायों पर लगाये जाने वाले शुल्क से है। विकास शुल्क की वसूली के सम्बन्ध में आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 की अधिसूचना संख्या–1811/8–3–14–211विविध/13, दिनांक 17.11.2014 द्वारा उ0प्र0 नगर योजना और विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली, 2014 अधिसूचित की गई है। उक्त नियमावली के प्रयोजनार्थ विकास शुल्क का अभिप्राय 'बाह्य विकास शुल्क' से है तथा नियमावली के नियम संख्या–5 की अनुसूची में समस्त विकास क्षेत्रों हेतु विकास शुल्क की दरें निर्धारित की गई है। अतः विकास प्राधिकरणों/परिषद से अपेक्षा है कि विकास शुल्क की वसूली उक्त नियमावली के प्राविधानों के अनुसार सुनिश्चित की जाए। कतिपय विकास प्राधिकरणों/परिषद द्वारा स्थानीय स्तर पर अन्य शुल्क (यथा–मेला/महोत्सव, मेट्रो, ऐलीवेटेड रोड़, ओपन एरिया व बन्धा चार्ज, आदि) लिए जा रहे हैं। इस सम्बन्ध में अपेक्षा है कि उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली 2014 के प्रस्तर–5 के परन्तुक के आधार पर किसी नगर को कोई विशेष सुविधा अथवा प्रभाव अभिमुख अथवा परिक्षेत्र आधारित विकास (यथा–मास ट्रॅान्जिट ओरिएन्टेड डेवलपमेन्ट) हेतु नियमावली में निर्धारित विकास शुल्क की दर का अधिकतम 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा।

3.1.6 अम्बार शुल्क

'अम्बार शुल्क' हेतु शासनादेश संख्या–3086/9–आ–3–04–33काम्प/98 टीसी, दिनांक 06.08.2004 द्वारा जारी किये गये अम्बार शुल्क की दर को विकास प्राधिकरण / आवास एवं विकास परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष केन्द्रीय लोक निर्माण

विभाग के कॉस्ट इन्फलेशन इन्डेक्स के आधार पर अद्यावधिक किए जाने का प्राविधान है, उक्त के आधार पर वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु पुनरीक्षित करते हुए रू. 40/–प्रति वर्ग मीटर निर्धारित की जाती है। शासनादेश संख्या–संख्या–3086/9–आ–3–04–33काम्प/98टी.सी. दिनांक 06.08.2004 के शेष प्राविधान यथावत् रहेंगे।

3.1.7 विभिन्न शुल्कों हेतु निर्धारित दरें कॉस्ट इन्फलेशन इन्डेक्स पर आधारित है, जो दिनांक 31.03.2020 तक प्रभावी होंगी। विकास प्राधिकरणों/परिषद द्वारा उक्त दरों को अपने स्तर पर आगामी प्रत्येक वर्ष सी0पी0डब्ल्यू0डी0 के लखनऊ नगर हेतु जारी कॉस्ट इन्फलेशन इन्डेक्स के आधार पर पुनरीक्षित किया जाएगा।

3.1.8 शेल्टर फीस

'शेल्टर फीस' का तात्पर्य ई0डब्लू0एस0 एवं एल0आई0जी0 हेतु 20 प्रतिशत इकाईयों के निर्माण के एवज में विकासकर्ता द्वारा प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद को देय फीस से हैं। शेल्टर फीस का उद्ग्रहण शासनादेश संख्या 3188/आठ–1–13–80 विविध/10, दिनांक 05.12.2013 यथासंशोधित शासनादेश संख्या–3267/आठ–1–16–80 विविध/10, दिनांक 24.10.2016 मे निहित व्यवस्थानुसार सुनिश्चित किया जाएगा।

3.1.9 OBPAS में विभिन्न शुल्कों के उद्ग्रहण के लिये तीन विकल्पों यथा–ऑनलाईन पूर्ण पेमेण्ट, अथवा परफार्मेन्स बैंक गारण्टी अथवा मॉर्टगेज चयन के माध्यम से किये जाने की सुविधा आवदेक को उपलब्ध करायी जायेगी।

3.1.10 उपरोक्त प्रस्तर–3.1.1 से 3.1.8 में वर्णित शुल्कों के अतिरिक्त मानचित्र स्वीकृति हेतु नियमानुसार लिए जाने वाले अन्य शुल्क यथावत् उद्ग्रहीत किए जाएंगे।

3.2 मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रियाः–

3.2.1 OBPAS के माध्यम से प्राप्त भवन मानचित्रों हेतु ऑटो स्कूटनी एवं वांछित दस्तावेजों की उपलब्धता के आधार पर अनन्तिम स्वीकृति (च्तवअपेपवदंस ँदबजपवद) तत्काल ऑनलाईन जारी की जायेगी। इसके साथ ही प्राधिकरण/परिषद के सम्बन्धित अवर अभियन्ता को आवेदक द्वारा अपलोड किये गये समस्त दस्तावेज तथा मानचित्र ऑनलाईन प्राप्त हो जायेंगे, जिनकी पुष्टि अवर अभियन्ता द्वारा करके अपनी टिप्पणी/संस्तुति सिस्टम के माध्यम से अग्रसारित की जायेगी। प्राधिकरण/परिषद के अधिकारियों के कार्य–व्यस्तता एवं कार्यभार के दृष्टिगत उनके द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली आख्या/संस्तुति हेतु समयावधि निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैः–

(क) अवर अभियन्ता स्तर पर अधिकतम 15 कार्यदिवस।

(ख) सहायक नगर नियोजक/सहायक अभियन्ता स्तर पर अवर अभियन्ता की आख्या के उपरान्त अधिकतम 04 कार्य दिवस।

(ग) नगर नियोजक/अधिशासी अभियन्ता स्तर पर सहायक नगर नियोजक/सहायक अभियन्ता की आख्या के उपरान्त अधिकतम 03 कार्य दिवस।

(घ) मुख्य नगर नियोजक स्तर पर नगर नियोजक/अधिशासी अभियन्ता की आख्या के उपरान्त अधिकतम 03 कार्य दिवस।

(ङ) सचिव/अपर सचिव स्तर पर मुख्य नगर नियोजक की आख्या के उपरान्त अधिकतम 02 कार्य दिवस।

(च) उपाध्यक्ष स्तर पर सचिव/अपर सचिव की आख्या के उपरान्त अधिकतम 03 कार्य दिवस।

3.2.2 प्राधिकरण/परिषद स्तर पर मानचित्रों के विश्लेषण/निरीक्षण में पायी जाने वाली त्रुटियों के आधार पर मानचित्रों को निरस्त किये जाने की प्रक्रिया निम्नवत् होगीः–

(क) 500 वर्ग मीटर भूखण्ड क्षेत्रफल तक के समस्त प्रकार के भवन मानचित्रों का निरस्तीकरण नगर नियोजक/अधिशासी अभियन्ता स्तर से किया जायेगा।

(ख) 500 वर्ग मीटर से अधिक तथा 2000 वर्गमीटर से कम भूखण्ड क्षेत्रफल वाले समस्त प्रकार के भवन मानचित्रों का निरस्तीकरण मुख्य नगर नियोजक स्तर से किया जायेगा।

(ग) 2000 वर्गमीटर एवं उससे अधिक भू–खण्ड क्षेत्रफल वाले समस्त प्रकार के भवन मानचित्रों का निरस्तीकरण आवास आयुक्त/उपाध्यक्ष स्तर से किया जायेगा।

3.2.3 प्राधिकरण/परिषद स्तर पर किये जाने वाले विश्लेषण/निरीक्षण में नियमानुसार पाये गये मानचित्रों की निर्धारित समयावधि में स्वीकृति जारी किये जाने की प्रक्रिया निम्नवत् होगीः–

(क) नगर नियोजक/अधिशासी अभियन्ता स्तरः

प्राधिकरण/परिषद की योजनाओं/ले–आउट प्लान्स एवं प्राधिकरण/परिषद द्वारा स्वीकृत योजनाओं/ले–आउट प्लान्स के अन्तर्गत 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल तक के आवासीय भूखण्ड हेतु स्वीकृति नगर नियोजक/अधिशासी अभियन्ता स्तर से जारी की जायेगी।

(ख) मुख्य नगर नियोजक स्तरः

मुख्य नगर नियोजक द्वारा निम्नांकित मानचित्रों की स्वीकृति जारी की जायेगीः–

(i) प्राधिकरण/परिषद की योजनाओं/ले–आउट प्लान्स एवं प्राधिकरण/परिषद द्वारा स्वीकृत योजनाओं/ले–आउट प्लान्स के अन्तर्गत 500 वर्गमीटर से अधिक तथा 2000 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल के आवासीय भूखण्डों हेतु।

(ii) प्राधिकरण/परिषद की योजनाओं/ले–आउट प्लान्स एवं प्राधिकरण/परिषद द्वारा स्वीकृत योजनाओं/ले–आउट प्लान्स के अन्तर्गत 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल तक के अनावासीय भूखण्डों हेतु।

(ग) आवास आयुक्त/उपाध्यक्ष स्तरः

आवास आयुक्त/उपाध्यक्ष द्वारा निम्नांकित मानचित्रों की स्वीकृति जारी की जायेगीः–

(i) प्राधिकरण/परिषद की योजनाओं/ले–आउट प्लान्स एवं प्राधिकरण/परिषद द्वारा स्वीकृत योजनाओं/ले–आउट प्लान्स के अन्तर्गत 2000 वर्गमीटर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल तक के आवासीय भूखण्डों हेतु।

(ii) प्राधिकरण/परिषद की योजनाओं/ले–आउट प्लान्स एवं प्राधिकरण/परिषद द्वारा स्वीकृत योजनाओं/ले आउट प्लान्स के अन्तर्गत 500 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल तक के अनावासीय भूखण्डों हेतु।

(iii) प्राधिकरण/परिषद की योजनाओं/ले–आउट प्लान्स एवं प्राधिकरण/परिषद द्वारा स्वीकृत योजनाओं/ले–आउट प्लान्स के अतिरिक्त विकास क्षेत्र में स्थित समस्त क्षेत्रफल के भूखण्डों के मानचित्रों की स्तीकृति हेतु।

3.2.4 भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के प्रस्तर संख्या–3.1.3 (प) के अनुसार प्राधिकरणों/परिषद द्वारा 30 दिन में मानचित्र स्वीकृत किये जाने की व्यवस्था है, जिसे आंशिक रूप से संशोधित करते हुये 30 कार्यदिवस किया जाता है।

3.2.5 मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया के अन्तर्गत उपरोक्त प्रस्तर – 3.2.1 से 3.2.3 में वर्णित पदों के रिक्त होने की स्थिति में उल्लिखित कार्यों का सम्पादन सम्बन्धित प्राधिकरण के उपाध्यक्ष/आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं परिषद द्वारा नामित प्रभारी अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

3.3 अनापत्ति प्रमाण पत्रः–

भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के प्रस्तर संख्या–3.1.3.3 (पपप) में प्राधिकरणों/परिषद द्वारा मानचित्र स्वीकृत किये जाने की व्यवस्था में विभिन्न विभागों से प्राप्त किये जाने वाले अनापत्ति प्रमाण–पत्रों की अधिकतम समय सीमा 30 दिन निर्धारित है, जिसे संशोधित करते हुये 10 कार्य दिवस निर्धारित किया जाता है। निर्धारित अवधि में अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त न होने पर 30 कार्य दिवस के अन्दर मानचित्र इस शर्त के साथ अनन्तिम(प्रोविजनल) रूप से स्वीकृत कर दिये जायेंगे कि निर्माणकर्ता सम्बन्धित विभाग/अभिकरण से अनापत्ति प्राप्त कर लेंगे व सम्बन्धित विभाग/अभिकरण की अनापत्ति/शर्तों के अनुसार ही निर्माण/विकास किया जायेगा।

4– भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा पूर्व में जारी सुसंगत अधिसूचना/शासनादेश कृपया तत्सीमा तक संशोधित समझे जाए। इसके अतिरिक्त नियमानुसार प्रभावी/निर्धारित अन्य शुल्क यथा–शमन शुल्क, लेबर सेस, क्रय योग्य एफ0ए0आर0 शुल्क इत्यादि भी यथावत् देय होंगे।

उपर्युक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

भवदीया,
माला श्रीवास्तव
विशेष सचिव।

संख्या–563(1)/आठ–3–19–26 विविध/2017 टी0सी0 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3. अपर मुख्य सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4. प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. प्रमुख सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
6. प्रमुख सचिव, वन एवं पर्यावरण, उत्तर प्रदेश शासन।
7. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. आयुक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, नई दिल्ली।
9. आयुक्त, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश ।
10. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।

11. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश ।
12. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर भारतीय आवास निर्माण एवं वित्त निगम लि. लखनऊ।
13. अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश आर्किटेक्ट एसोसिएशन।
14. अधिशासी निदेशक, आवास बन्धु उत्तर प्रदेश ।
15. निदेशक, आवास बन्धु को इस निर्देश के साथ कि शासनादेश को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड कराने का कष्ट करें।
16. समस्त अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
17. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

मनीष चन्द्र श्रीवास्तव
अनु सचिव।

सर्वोच्च प्राथमिकता

संख्या–567/आठ–3–19–26विविध/2017टी0सी0

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
उ0प्र0 लखनऊ।

2 **उपाध्यक्ष,**
. समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 **लखनऊ :दिनांक : 20 जून, 2019**

विषय :–"ईज आफ डूईंग बिजनेस" के अन्तर्गत ऑनलाईन मानचित्रों की स्वीकृति हेतु आनलाईन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम ;व्ठच्।ैद्ध को उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों में लागू किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत हैं कि "ईज ऑफ डूईंग बिजनेस" के अन्तर्गत नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने की प्रक्रिया को त्वरित व पारदर्शी बनाये जाने हेतु राज्य सरकार कृत संकल्प है तथा इस संबंध में शासन द्वारा समय–समय पर यथावश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये है।

2– उक्त क्रम में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों में मानचित्र की स्वीकृति की प्रक्रिया को जन सामान्य के लिए सुविधाजनक, सरल एवं पारदर्शी बनाये जाने के उद्देश्य से उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद अधिनियम 1965 की धारा–92(2) तथा उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा–41(1) के अन्तर्गत मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "ईज आफ डूईंग बिजनेस" के अन्तर्गत ऑनलाईन मानचित्रों की स्वीकृति हेतु आनलाईन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (OBPAS) को बोर्ड में अंगीकृत करते हुए तत्काल प्रभाव से लागू करने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से शासन को अवगत करायें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

भवदीय,

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव।

संख्या –567(1)/आठ–3–19–26विविध/2017टी0सी0 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधिशासी निदेशक, आवास बन्धु, लखनऊ।
2. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निदेशक, आवास बन्धु को इस आशय से प्रेषित है कि इस शासनादेश को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

आज्ञा से,

मनीष चन्द्र श्रीवास्तव
अनु सचिव।

शीर्ष प्राथमिकता/अति महत्वपूर्ण

संख्या–1036/आठ–3–19–26विविध/2017टी0सी0

प्रेषक,

दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

आवास एव शहरी नियोजन अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनांक : 02 सितम्बर, 2019**

विषय :–Online Building Plan Approval System (OBPAS) को लागू करने हेतु मानचित्र स्वीकृति की प्रकिया के निर्धारण एवं मानचित्र स्वीकृति संबंधी शुल्कों में एकरूपता व पारदर्शिता लाए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–563/आठ–3–19–26 विविध/2017 टी0सी0 दिनांक 20.06.2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त शासनादेश द्वारा भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार प्राधिकरणों/परिषद द्वारा 30 कार्य दिवस के भीतर मानचित्र/ले–आउट की स्वीकृति एवं प्रकिया निर्धारित किये जाने के प्राविधान किये गये है।

2– उक्त शासनादेश के क्रम में सम्यक विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ऑन लाइन मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्राप्त होने तथा शुल्क जमा होने के उपरान्त अवर अभियन्ता स्तर पर प्राप्त आवदेनों के सम्बन्ध में सभी प्रकार की आपत्तियों से आवेदक को अवगत कराये जाने हेतु अधिकतम 07 दिवस की समय–सीमा निर्धारित की जाती है। उक्त अवधि के उपरान्त किसी भी स्तर द्वारा आपत्ति प्रस्तुत नहीं की जा सकेगी। यह भी कहने का निदेश हुआ है कि ऑफ लाइन मानचित्र/ले–आउट स्वीकृति पूर्ण रूप से बन्द कर दी जाय। उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। आदेशों के उल्लंघन को शासन द्वारा गंभीरता से लिया जायेगा।

भवदीय,

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या–1036(1)/आठ–3–19–26विविध/2017टी0सी0–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3. अपर मुख्य सचिव, राजस्व विभाग,उत्तर प्रदेश शासन।
4. प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. प्रमुख सचिव, गृह विभाग,उत्तर प्रदेश शासन।
6. प्रमुख सचिव, वन एवं पर्यावरण, उत्तर प्रदेश शासन।

क्रमशः––

;2द्ध

7. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. आयुक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, नई दिल्ली।
9. आयुक्त, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
10. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
11. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश।
12. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर भारतीय आवास निर्माण एवं वित्त निगम लि. लखनऊ।
13. अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश आर्किटेक्ट एसोसिएशन।
14. अधिशासी निदेशक, आवास बन्धु उत्तर प्रदेश।
15. निदेशक, आवास बन्धु को इस निर्देश के साथ कि शासनादेश को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड कराने का कष्ट करें।
16. समस्त अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
17. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

मनीष चन्द्र श्रीवास्तव
अनु सचिव।

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या–1208/आठ–3–19–26विविध/2017 टी0सी0

प्रेषक,

दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनांक : 24 अक्टूबर, 2019**

विषयः ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अन्तर्गत ऑन लाइन मानचित्रों की स्वीकृति हेतु ऑन लाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (OBPAS) को उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों में लागू किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–563/आठ–3–19–26विविध/2017 टी0सी0 दिनांक 20.06.2019 द्वारा उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों में मानचित्र की स्वीकृति की प्रक्रिया को जनसामान्य के लिए सुविधाजनक, सरल एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत करते हुए **OBPAS** को बोर्ड में अंगीकृत करते हुए तत्काल प्रभाव से लागू किये जाने के निर्देश दिये गये है। शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी प्राधिकरणों/उ0प्र0 आवास विकास परिषद में **OBPAS (Auto DCR)** प्रणाली पर ही समस्त मानचित्र स्वीकृत किये जाने संबंधी सूचना/प्रमाण–पत्र शासन में प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि यह प्रकरण अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है एवं इसका सफल क्रियान्वयन/संचालन शासन की उच्च प्राथमिकता है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में विशेष ध्यान देते हुए शासन द्वारा दिये गये उक्त निर्देशों के अनुपालन में विकास प्राधिकरण/उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद में मानचित्र स्वीकृति की पूर्व प्रचलित व्यवस्था प्रत्येक दशा में **OBPAS (Auto DCR)** प्रणाली के माध्यम से ही सुनिश्चित कराते हुए इस आशय का प्रमाण पत्र मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0 लखनऊ/नोडल अधिकारी के माध्यम से दिनांक 01.11.2019 तक शासन को अनिवार्यतः उपलब्ध कराने का कष्ट करें। दिनांक 01.11.2019 से किसी भी दशा में पूर्व प्रचलित व्यवस्था के अन्तर्गत मानचित्र स्वीकृति की कार्यवाही न की जाये।

कृपया इसे शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करें।

भवदीय

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या–1208 (1)/आठ–3–19–26 विविध/2017 टी0सी0–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) अधिशासी निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0 लखनऊ।
(2) मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय के प्रेषित कि कृपया सभी संबंधित को उक्त आदेश की प्रति 02 दिन में उपलब्ध कराते हुए वांछित सूचना/प्रमाण–पत्र सर्वसंबंधित से प्राप्त कर दिनांक 01.11.2019 को व्यक्तिगत रूप से शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
(3) निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0 लखनऊ।
(4) श्री जी0एस0 गोयल, सलाहकार (विकास), आवास बन्धु, लखनऊ।

आज्ञा से,

मनीष चन्द्र श्रीवास्तव
अनु सचिव।

प्रधानमंत्री आवास योजना

महत्वपूर्ण / समयबद्ध
संख्या–845 / आठ–1–19–08विविध / 2016टी0सी0

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
उ0प्र0 लखनऊ।

2. **समस्त उपाध्यक्ष,**
विकास प्राधिकरण
उ0प्र0।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 **लखनऊ : दिनांक : 07 जून, 2019**

विषयः प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)के अन्तर्गत अफोर्डेबल हाउसिंग–इन पार्टनरशिप मद के अन्तर्गत भवनों के निर्माण के लिए अभिकरणों हेतु निर्धारित लक्ष्य के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–986 / आठ–1–18–80विविध / 2010, दिनांक 26 जून, 2018 एवं शासनादेश संख्या–27 / आठ–1–2018–08विविध / 2016, दिनांक 15 जनवरी, 2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा भारत सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्राविधानों के अन्तर्गत प्रदेश में अफोर्डेबल हाउसिंग इन–पार्टनरशिप में ई0डब्ल्यू0एस भवनों के निर्माण के संबंध में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अधीनस्थ अभिकरणों हेतु वित्तीय वर्ष 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 के लिए ई0डब्ल्यू0एस भवनों के निर्माण हेतु अभिकरणवार लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

2– इस संबंध में विभिन्न अभिकरणों द्वारा वर्ष 2018–19 में लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त उपलब्धि के परीक्षणोपरान्त यह पाया गया कि कतिपय अभिकरणों द्वारा निर्धारित लक्ष्य से कम उपलब्धि प्राप्त की गयी। अतः वर्ष 2018–19 में अभिकरणों हेतु निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति में जो कमी पायी गयी है, उसको वर्ष 2019–20 के पूर्व निर्धारित लक्ष्य में सम्मिलित करते हुए अभिकरणवार संशोधित लक्ष्य निम्नवत निर्धारित किया जाता है :–

(संख्या हजार में)

क्रमांक	अभिकरणवार का नाम	वित्तीय वर्ष 2018–19 का अवशेष लक्ष्य	वित्तीय वर्ष 2019–20	वित्तीय वर्ष 2019–20 का संशोधित लक्ष्य	वित्तीय वर्ष 2020–21	योग 5 एवं 6
1	2	3	4	5	6	7
1.	आवास विकास परिषद	23.512	60	83.512	17	100.512
2.	गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण	–3.059	18	14.941	4.5	19.441
3.	कानपुर विकास प्राधिकरण	–17.032	20	2.968,	5	7.968
4.	लखनऊ विकास प्राधिकरण	3.873	24	27.873	6	33.873

5.	आगरा विकास प्राधिकरण	10.947	20	30.947	5	35.947
6.	प्रयागराज विकास प्राधिकरण	8.741	13	21.741	3.25	24.991
7.	मेरठ विकास प्राधिकरण	−0.408	4	3.592	1	4.592
8.	मुरादाबाद विकास प्राधिकरण	3.82	10	13.82	2.5	16.32
9.	अलीगढ़ विकास प्राधिकरण	−3.72	6	2.28	1.5	3.78
10.	बरेली विकास प्राधिकरण	−2.124	2	−0.124	0.5	0.376
11.	गोरखपुर विकास प्राधिकरण	−0.786	3	2.214	0.75	2.964
12.	मथुरा–वृन्दावन वि0 प्राधिकरण	0.542	3	3.542	0.75	4.292
13.	वाराणसी विकास प्राधिकरण	0.858	3	3.858	0.75	4.608
14.	बाँदा विकास प्राधिकरण	−0.002	1	0.998	0.25	1.248
15.	बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण	0.59	1	1.59	0.25	1.84
16.	अयोध्या विकास प्राधिकरण	0.11	1	1.11	0.25	1.36
17.	फिरोज़ाबाद–शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण	0.40	1.6	2	0.4	2.4
18.	हापुड़–पिलखुआ विकास प्राधिकरण	−1.788	1.6	−0.188	0.4	0.212
19.	झाँसी विकास प्राधिकरण	−3.538	1	−2.538	0.25	−2.288
20.	मुज़फ्फरनगर विकास प्राधिकरण	0.834	1	0.166	0.25	0.416
21.	रायबरेली विकास प्राधिकरण	−0.227	1	0.773	0.25	1.023
22.	उन्नाव विकास प्राधिकरण	0.03	1	1.03	0.25	1.28
23.	रामपुर विकास प्राधिकरण	0.51	1	1.51	0.25	1.76
24.	उरई विकास प्राधिकरण	0.558	1	1.558	0.25	1.808
25.	आज़मगढ़ विकास प्राधिकरण	−0.132	0.4	0.268	0.1	0.368

26.	बागपत–बड़ौत खेकड़ा वि0प्रा0	0.15	0.2	0.35	0.05	0.4
27.	बस्ती विकास प्राधिकरण	0.15	0.2	0.35	0.05	0.4
योग		**21.141**	**199**	**220.141**	**51.75**	**271.891**

3– कृपया उपर्युक्त लक्ष्य के अनुसार ई0डब्ल्यू0एस0 भवनों के निर्माण का कार्य सुनिश्चित कराने तथा कृत कार्यवाही से आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव।

संख्या– 845 (1)/आठ–1–18, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. प्रमुख सचिव, कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग, उ0प्र0 शासन को 61 महत्वपूर्ण प्राथमिकता के कार्यक्रम में सम्मिलित करते हुए मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु।
5. अधिशासी निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0।
6. निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0।
7. निदेशक, सूडा, उ0प्र0, लखनऊ।
8. समस्त अध्यक्ष, विकास प्राधिकरण।
9. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक उ0प्र0।
10. समस्त अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग उ0प्र0, शासन।
11. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

माला श्रीवास्तव
विशेष सचिव।

विविध

संख्या–2039/8–3–18–187विविध/2018

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **समस्त मण्डलायुक्त,**
उत्तर प्रदेश।
2. **आवास आयुक्त,**
आवास एवं विकास परिषद,
उत्तर प्रदेश।
3. **समस्त जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।
4. **उपाध्यक्ष/अध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

आवास एंव शहरी नियोजन अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनांक : 10 जनवरी, 2019**

विषयः–प्रदेश में स्थापित जनसेवा केन्द्रों/लोकवाणी केन्द्रों/जनसुविधा केन्द्रों/ई–सुविधा केन्द्रों के माध्यम से ई–डिस्ट्रिक्ट परियोजना के द्वारा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की सेवाओं को आम जन मानस तक उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आम जन मानस से सम्बन्धित सेवाओं, जिनमें जनहित गारण्टी अधिनियम उ0प्र0 के अन्तर्गत सेवाएं सम्मिलित हैं, को इलेक्ट्रानिक माध्यम से उपलब्ध कराया जाना एवं उन सेवाओं को ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल (http://edistrict.up.nic.in) से इन्टीग्रेट किया जाना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है।

2– वर्तमान में प्रदेश के आवास एवं विकास परिषद तथा विकास प्राधिकरण कार्यालयों में वेब पोर्टल (http://janhit.upda.in) से आवास विभाग की निम्न सेवाओं की ऑनलाईन सुविधा जनसमान्य के लिए उपलब्ध हैः–

कोड संख्या	Name of service	सेवा का नाम
15101	Duplicate order request	डुप्लीकेट ऑर्डर हेतु आवेदन
15102	Refund Management	धनराशि की वापसी
15103	Online free hold	भवन भूखण्ड फ्री होल्ड करना
15104	Registration for allotment	आंवटन हेतु पंजीयन
15105	Mutation management	नामान्तरण कार्यवाही

3– उपरोक्त के परिपेक्ष्य में सम्यक विचारोपरान्त उपर्युक्त प्रस्तर 02 में इंगित आवास विभाग की ऑनलाईन सेवाओं को ई–डिस्ट्रिक पोर्टल (http://edistrict.up.nic.in) के माध्यम से इन्टीग्रेट कराते हुए आम जन मानस को उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

4– उक्त चयनित सेवाओं को एन0आई0सी0 की तकनीकी टीम द्वारा ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से इन्टीग्रेट कर दिया गया है। अतः ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल (http://edistrict.up.nic.in) के माध्यम से आवास विभाग की उक्त 05 इन्टीग्रेटेड सेवाओं को उपलब्ध कराये जाने की अनुमति निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ प्रदान की जाती है:–

i. उक्त सेवाओं को आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग उ0प्र0 शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कॉमन सर्विस सेन्टर्स यथा–जनसेवा केन्द्रों/लोकवाणी केन्द्रों/ई–सुविधा केन्द्रों/जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से आम जन मानस को उपलब्ध कराया जायेगा।

ii. अधिकृत केन्द्रों की सूची कॉमन सर्विस सेन्टर्स द्वारा आवास विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी, जिसे आवास विभाग की वेबसाईट पोर्टल (http://awas.up.nic.in) एवं आवास बन्धु की पोर्टल (http://awasbandhu.in) पर जन सूचनार्थ प्रदर्शित किया जायेगा।

iii. कॉमन सर्विस सेन्टर्स द्वारा ऑन–लाईन माध्यम से उक्त सेवाओं को प्रदान किये जाने हेतु समस्त आवश्यक औपचारिकताओं/व्यवस्थाओं को पूर्ण करने की कार्यवाही की जायेगी।

iv. आवेदक के अनुरोध पर कॉमन सर्विस सेन्टर्स के अधिकृत आपरेटर द्वारा ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से आवास विभाग के उक्त पोर्टल पर दी गयी आवेदन की प्रक्रिया तथा फीस भुगतान की व्यवस्था का अनुपालन किया जायेगा एवं विभाग के वेब पोर्टल पर प्रदर्शित फीस धनराशि को उसी वेब पोर्टल से लिंक्ड बैंक खाते में क्रेडिट किया जायेगा।

v. किसी आवेदन की प्रक्रिया को पूर्ण (Complete) तभी माना जायेगा जब आवास विकास के वेब पोर्टल से उस आवेदन के सापेक्ष निर्धारित फीस की धनराशि की ई–रसीद या आवेदन की ई–रसीद जनरेट कर दी जाये।

vi. यूजर चार्जेजः प्रत्येक सफल ट्रान्जेक्शन पर कॉमन सर्विस सेन्टर्स द्वारा आवेदन कर्ता से निर्धारित यूजर चार्ज रू0 20.00 (रू0 बीस मात्र) सभी करों सहित लिया जायेगा तथा कॉमन सर्विस सेन्टर द्वारा तद्सम्बन्धी प्राप्ति रसीद आवेदन कर्ता को दी जायेगी।

vii. अगर कोई नागरिक सीधे विभागीय पोर्टल पर सेवा हेतु आवेदन करता है तो उस पर उपरोक्त यूजर चार्जेज लागू नहीं होंगें।

viii. कॉमन सर्विस सेन्टर्स के माध्यम से आम जन मानस को उपलब्ध करायी जाने वाली आवास विभाग की सेवाओं के सापेक्ष देय गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स (जी0एस0टी0) अथवा कोई अन्य शुल्क का वहन कॉमन सर्विस सेन्टर्स द्वारा स्वयं किया जायेगा, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग पर इसकी कोई देयता नहीं होगी।

ix. आवेदकों की जानकारी के लिये कॉमन सर्विस सेन्टर्स द्वारा अपने सभी अधिकृत केन्द्रों पर आवेदन की प्रक्रिया का पूर्ण विवरण, यूजर चार्जेज का विवरण तथा आवेदक को कॉमन सर्विस सेन्टर्स के द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले प्रपत्रों (यथा –ऑनलाईन आवेदन की प्रिन्टेड प्रति, भुगतान की गयी फीस की ई–रसीद, कॉमन सर्विस सेन्टर्स द्वारा रू0 20.00 की प्राप्ति रसीद) का विवरण उचित स्थान पर प्रदर्शित कराया जायेगा।

5– ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से आये आवेदनों को आवास विकास परिषद/प्राधिकरणों के सक्षम अधिकारी द्वारा उसी तरह प्रॉसेस किया जायेगा, जिस तरह वह वर्तमान में अपने विभागीय पोर्टल पर प्रॉसेस कर रहे हैं।

6– कृपया उपरोक्तानुसार समस्त कार्यवाहियां शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यंमत्री, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. अपर मुख्य सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक विभाग उ0प्र0 शासन।
4. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0।
5. अधिशासी निदेशक, आवास बन्धु, लखनऊ।
6. राज्य समन्वयक, सेन्टर फॉर ई–गवर्नेन्स उ0प्र0 शासन।
7. स्टेट इन्फॉर्मेटिक्स ऑफिसर एन0आई0सी0 योजना भवन, लखनऊ।
8. हेड एस0ई0एम0टी0 उ0प्र0।
9. निदेशक, आवास बन्धु लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की शासकीय वेबसाइट कर अपलोड कराने का कष्ट करें।
10. प्रबन्धक निदेशक, यू0पी0 डेस्को, लखनऊ।
11. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

मनीष चन्द्र श्रीवास्तव
अनु सचिव।

संख्या–239/8–3–19–152 विविध/17

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।
2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।
3. **अध्यक्ष,**
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 लखनऊ; दिनांक 20 फरवरी, 2019

विषयः– उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद तथा विकास प्राधिकरणों द्वारा पायलट प्रोजेक्ट्स के रूप में 'लैण्ड पूलिंग स्कीम' के कियान्वयन हेतु नीति।

महोदय,

आप अवगत हैं कि शहरी क्षेत्रों में विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों हेतु भूमि जहाँ एक ओर आवश्यक संसाधन है, वहीं दूसरी ओर यह एक गैर–नवीकरणीय (नॉन–रिन्यूएबल) संसाधन भी है। भूमि पर शहरीकरण के निरन्तर बढ़ रहे दबाव के दृष्टिगत सुनियोजित नगरीय विकास हेतु समय पर एवं समुचित मात्रा में भूमि उपलब्ध होना आवश्यक है, परन्तु भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अधीन भूमि का अर्जन न केवल जटिल एवं समयकारक है, बल्कि भूमि अर्जन के लिए एकमुश्त बहुत बड़ी धनराशि की भी आवश्यकता होती है। विकास प्राधिकरणों तथा आवास एवं विकास परिषद द्वारा अपने सीमित संसाधनों से अधिनियम के अधीन भूमि अर्जन अथवा किसानों से सीधे भूमि कय किया जाना कठिन होता जा रहा है। विकास प्राधिकरणों के पास लैण्ड बैंक के अभाव में आवासीय योजनाओं हेतु समय से भूमि उपलब्ध न होने के कारण मांग के सापेक्ष आवास की आपूर्ति सुनिश्चित नही हो पाती है, जिसके परिणामस्वरूप भूमि के अनाधिकृत विकास की प्रकिया को बढ़ावा मिलता है। 'लैण्ड पूलिंग स्कीम' सुनियोजित शहरी विकास हेतु एक व्यवहारिक पद्धति है, जिसके अधीन शासकीय अभिकरणों द्वारा भूमि को कय अथवा अर्जित किए बिना किसानों/भू–स्वामियों से उनकी सहमति एवं स्वेच्छा से भूमि का विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।

2– अतएव, शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा–41(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद तथा विकास प्राधिकरणों के माध्यम से पायलट प्रोजेक्ट्स के रूप में लैण्ड पूलिंग स्कीम के कियान्वयन हेतु राज्य सरकार द्वारा निम्नवत नीति निर्धारित की जाती हैः–

2.1 पायलट प्रोजेक्ट हेतु स्थल चयन एवं भूमि जुटाव

(1) शासकीय अभिकरणों (आवास एवं विकास परिषद/विकास प्राधिकरणों) द्वारा स्थानीय भू–स्वामियों / किसानों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें लैण्ड पूलिंग स्कीम की जानकारी एवं उससे होने वाले लाभों से अवगत कराया जाये तथा इन योजनाओं में

स्वेच्छा से सहयोग करने हेतु उन्हें राजी किया जाए। योजना हेतु भूमि का चयन ऐसी लोकेशन्स में किया जाए, जहाँ न्यूनतम 80 प्रतिशत भू–स्वामी स्वेच्छा से लैण्ड पूलिंग स्कीम में सहभागिता हेतु तैयार हों। शेष 20 प्रतिशत भू–स्वामी, जो स्वेच्छा से लैण्ड पूलिंग स्कीम में सहभागिता हेतु तैयार न हों, ऐसे स्वामित्व की भूमि को योजनान्तर्गत उपयोग में लाने के लिए निम्न विकल्प अपनाए जा सकते हैं:–

(क) योजनान्तर्गत भूमि का इस शर्त के अधीन समायोजन किया जाए कि सम्बन्धितभू–स्वामी को न्यूनतम 25 प्रतिशत विकसित भूमि उसके मूल स्वामित्व की भूमि के अन्तर्गत ही दी जाएगी। शेष भूमि का उपयोग शासकीय अभिकरण द्वारा योजना की भौतिक एवं सामाजिक अवस्थापना सुविधाओं के प्राविधान तथा विकास कार्यों की लागत की प्रतिपूर्ति हेतु किया जाए।

(ख) योजना के ले–आउट प्लान में ऐसी भूमि के उपयोग को डेवलपमेन्ट कन्ट्रोल सम्बन्धी रेगुलेशन्स/उपविधियों द्वारा रेगुलेट किया जाए।

(ग) भूमि के एवज में 'ट्रान्सफरेबल डेवलपमेन्ट राइट्स' (टी.डी.आर.) प्रदान किया जाए, ताकि उक्त भूमि के सापेक्ष देय एफ.ए.आर का सम्बन्धित भू–स्वामी द्वारा टी.डी.आर. बाई–लाज के अनुसार उपयोग किया जा सके।

(2) पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लैण्ड पूलिंग स्कीम न्यूनतम 25 एकड़ भूमि पर बनाई जाएगी, जो महायोजना/जोनल डेवलपमेन्ट प्लान में प्रस्तावित/विद्यमान न्यूनतम 18 मीटर चौड़े मार्ग पर स्थित हो। लैण्ड पूलिंग स्कीम हेतु 'पोटेन्शियल लोकेशन्स' में स्थित भूमि के चयन को वरीयता दी जाएगी, जिसे नेशनल/स्टेट हाईवे/एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध हो। चिन्हित भूमि यथासम्भव 'काम्पेक्ट' आकार एवं निरन्तरता में होनी चाहिए, ताकि अवस्थापना सुविधाओं का एकीकृत रूप से प्राविधान किया जाना सम्भव हो सके।

(3) लैण्ड पूलिंग स्कीम हेतु महायोजनान्तर्गत 'आवासीय' भू–उपयोग में स्थल चयन को प्राथमिकता दी जाए। आवासीय भू–उपयोग में समुचित मात्रा एवं उपयुक्त लोकेशन में भूमि उपलब्ध न होने की दशा में 'कृषि' भू–उपयोग में भी लैण्ड पूलिंग स्कीम बनाई जा सकती है, जिस हेतु नियमानुसार भू–उपयोग परिवर्तन कराना आवश्यक होगा। 'कृषि' से 'आवासीय' में भू–उपयोग परिवर्तन हेतु परिवर्तन शुल्क में छूट होगी।

(4) लैण्ड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत आने वाली ग्राम सभाओं की भूमि को नियमानुसार शासकीय अभिकरण के पक्ष में पुनर्ग्रहण हेतु कार्यवाही की जाए।

2.2 विकास अनुबन्ध निष्पादन

(1) लैण्ड पूलिंग स्कीम में सहभागिता हेतु सम्बन्धित भू–स्वामियों से निर्धारित प्रपत्र पर शपथ–पत्र सहित आवेदन–पत्र लिए जाएं और शासकीय अभिकरण एवं भू–स्वामियों/किसानों के मध्य स्टाम्प पेपर पर पंजीकृत विकास अनुबन्ध (रजिस्टर्ड डेवलपमेन्ट एग्रीमेन्ट) निष्पादित किया जाए, जिस पर स्टाम्प ड्यूटी देय नहीं है। आवेदन–पत्र तथा विकास अनुबन्ध के प्रपत्र कमशः **संलग्नक–1**एवं **संलग्नक–2** पर संलग्न है

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद अधिनियम, 1965 की धारा–28 के अधीन आवासीय योजनाओं के लिए चूंकि अधिसूचना की व्यवस्था है, अतः आवास एवं विकास परिषद द्वारा विकास अनुबन्ध निष्पादन के साथ–साथ लैण्ड पूलिंग स्कीम बनाने के लिए अधिसूचना भी जारी की जाए।

(2) शासकीय अभिकरण तथा भू–स्वामियों के मध्य निष्पादित होने वाले विकास अनुबन्ध के अन्तर्गत यह प्राविधानित है कि लैण्ड पूलिंग स्कीम के अधीन दोनों पक्ष सहमत है और इस योजना में दोनों पक्षों की सहभागिता है। उक्त विकास अनुबन्ध हस्ताक्षरित होने की तिथि से सम्पूर्ण योजनावधि तक प्रभावी रहेगा और उभय पक्ष की सहमति से इसमें वृद्धि भी की जा सकेगी। विकास अनुबन्ध के अनुसार भू–स्वामियों/किसानों की भूमि परियोजना अवधि के लिए अस्थायी रूप से शासकीय अभिकरण के पक्ष में हस्तान्तरित रहेगी, ताकि परियोजना के विकास /निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई कठिनाई न हो।

2.3 भूमि का नियोजन एवं अवस्थापना विकास

(1) शासकीय अभिकरण द्वारा योजना का ले–आउट प्लान, भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में निर्धारित मानकों के अनुसार तैयार किया जाए, जिसके अन्तर्गत सार्वजनिक उपयोगों यथा–सड़के, पार्क एवं खुले क्षेत्र, सामुदायिक सुविधाओं तथा अवस्थापना सुविधाओं (जलापूर्ति, ड्रेनेज, सीवरेज, विद्युत–आपूर्ति, कूड़ा–निस्तारण आदि) के लिए प्राविधान किए जाएं। योजना के ले–आउट प्लान में निम्न के सम्बन्ध में विशेष रूप से प्राविधान किए जाएं–

(क) योजना के कुल क्षेत्रफल का न्यूनतम 15 प्रतिशत पार्क एवं खुले क्षेत्र/ग्रीन बेल्ट के लिए प्राविधान करना अनिवार्य होगा।

(ख) योजनान्तर्गत सौर ऊर्जा के उपयोग (विशेषकर स्ट्रीट–लाइटिंग) को प्रोत्साहित किया जाए तथा कूड़े से ऊर्जा उत्पादन करने हेतु भी प्रयास किए जाएं।

(ग) 100 वर्ग मीटर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल के सभी प्रकार के भूखण्डों में नियमानुसार रेन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना किया जाना अनिवार्य होगा।

(घ) लैण्ड पूलिंग स्कीम को 'स्मार्ट सिटी' के आधार पर विकसित किए जाने का प्रयास किए जाएं।

(2) नगर की स्थिति, योजना स्थल की स्थिति, महायोजना/जोनल डेवलपमेन्ट प्लान में प्रस्तावित भू–उपयोग, अनुमन्य एफ.ए.आर., विकास कार्यो के स्तर तथा योजना की 'इकोनॉमिक वायबिलिटी' को दृष्टिगत रखते हुए भू–स्वामियों एवं शासकीय अभिकरण के अंश का निर्धारण स्थानीय स्तर पर शासकीय अभिकरण द्वारा किया जाएगा। परन्तु भू–स्वामियों को पुनर्गठित भूखण्डों के रूप में निःशुल्क दी जाने वाली (आन्तरिक एवं वाह्य रूप से विकसित) उनके द्वारा पूल की गई भूमि के 25 प्रतिशत से कम नहीं होगी। भू–स्वामियों को यह भी विकल्प दिया जा सकता है कि वह वाह्य रूप से विकसित भूमि निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं, जिसका प्रतिशत शासकीय अभिकरण द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

(3) भू–स्वामियों को पुनर्गठित भूखण्डों के रूप में दी जाने वाली न्यूनतम 25 प्रतिशत भूमि का भू–उपयोग आवासीय होगा, जिसके अन्तर्गत सम्बन्धित नगर की महायोजना जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार 'इम्पैक्ट फीस' के भुगतान पर नियमानुसार अन्य कियाएं/उपयोग अनुमन्य होंगे। पुनर्गठित भूखण्ड पर भवन निर्माण हेतु सम्बन्धित भू–स्वामी द्वारा यथास्थिति आवास एवं विकास परिषद/विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य होगा। यदि कोई भू–स्वामी अपनी भूमि/भूखण्ड पर मानकों के अनुसार ग्रुप हाउसिंग या बहु–आवासीय इकाइयों (मल्टिपल ड्वेलिंग यूनिट्स) का निर्माण करना चाहता है, तो उसके द्वारा मानचित्र स्वीकृति के समय विकास शुल्क नियमावली, 2014 के अनुसार विकास शुल्क देय होगा। इस प्रकार भू–स्वामी को उपरोक्त में से कोई एक विकल्प चुनना होगा। इस सम्बन्ध में शासकीय अभिकरण द्वारा भू–स्वामियों से वार्ता कर उन्हें उक्त विकल्पों की जानकारी दी जाएगी और उनकी सहमति के आधार पर ही योजना का ले–आउट प्लान तैयार किया जाएगा।

(4) योजना की 'फाइनेन्शियल वायबिलिटी' निर्धारित प्रपत्र **(संलग्नक–3)** पर आगणित की जाएगी, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक भू–स्वामी की लैण्ड होल्डिंग का क्षेत्रफल एवं उसकी भूमि के वर्तमान मूल्य का आकलन, सार्वजनिक उपयोगों एवं अवस्थापना सुविधाओं के अन्तर्गत नियोजित क्षेत्रफल, शासकीय अभिकरण का अंश, भू–स्वामियों को पुनर्गठित भूखण्डों के रूप में प्राप्त होने वाली भूमि एवं उसका मूल्य, विकास कार्यों की लागत, भूमि की इन्क्रीमेन्टल वैल्यू, भू–स्वामियों द्वारा वहन की जाने वाली अवस्थापना विकास कार्यों की लागत तथा उसके समतुल्य भूमि क्षेत्रफल, आदि का विवरण शामिल होगा।

(5) लैण्ड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत शामिल प्रत्येक किसान/भू–स्वामी के स्वामित्व की मूल भूमि का सजरा मानचित्र के आधार पर खसरावार क्षेत्रफल एवं कुल क्षेत्रफल का विवरण तथा योजना के ले–आउट प्लान के अनुसार भूखण्ड नम्बरिंग प्लान एवं उसे सजरा मानचित्र पर 'सुपरइम्पोज' करने के उपरान्त प्रत्येक भू–स्वामी को देय विकसित भूमि अंश के क्षेत्रफल के बराबर पुनर्गठित भूखण्ड, सड़कें, पार्क एवं खुले स्थल के अन्तर्गत आने वाली भूमि तथा शासकीय अभिकरण के अंश की भूमि का विवरण निर्धारित प्रपत्र **(संलग्नक–4)** पर तैयार किया जाएगा, जिसके आधार पर राजस्व अभिलेखों में अन्तरण किया जाएगा।

(6) शासकीय अभिकरण द्वारा ड्राफ्ट लैण्ड पूलिंग स्कीम की सार्वजनिक प्रदर्शनी लगाकर सम्बन्धित किसानों/भू–स्वामियों से आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे और उनकी सुनवाई एवं निस्तारण के उपरान्त योजना में आवश्यकतानुसार संशोधन करते हुए अंतिम रूप दिया जाएगा।

(7) योजना के विकास कार्य शासकीय अभिकरण द्वारा स्वयं कराए जाएंगे, जो ले–आउट प्लान के अभिकरण बोर्ड से अनुमोदन की तिथि से 03 वर्ष की अवधि में पूर्ण करने होंगे। परियोजना अवधि में विस्तार की आवश्यकता होने पर 25 एकड़ तक की योजना के लिए आवास आयुक्त/उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण की अनुमति से तथा उससे अधिक क्षेत्रफल की योजनाओं हेतु बोर्ड के अनुमोदन से विस्तार अनुमन्य होगा।

2.4 योजना की कॉस्टिंग एवं वित्त पोषण

(1) विकसित भूमि का मूल्यांकन शासनादेश संख्या – 4049/9–आ–1–99/16 समिति /1998 दिनांक 20.11.1999 **(संलग्नक–5)** द्वारा जारी कॉस्टिंग गाइड लाइन्स (समय–समय पर शासन/अभिकरण द्वारा यथासंशोधित) के अनुसार किया जाएगा और योजना की सेक्टर दर (आवासीय दर) निर्धारित की जाएगी। प्रस्तावित उपयोग यथा–आवासीय (भूखण्डीय विकास, बहु–आवासीय इकाईयां, ग्रुप हाउसिंग), व्यवसायिक, मिश्रित, संस्थागत आदि के अनुसार पुनर्गठित भूखण्डों की 'डिफ्रन्शियल प्राइसिंग' की जाएगी।

(2) लैण्ड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत समेकित प्रत्येक भूमि के अनुपातिक भाग में से 'कास्ट इक्विलेण्ट लैण्ड' को योजना की सड़कों, अवस्थापना सुविधाओं एवं सार्वजनिक उपयोगों के प्राविधान में होने वाले व्यय के लिए वित्त पोषण के रूप में उपयोग किया जाएगा। उदाहरणार्थ, लैण्ड पूलिंग स्कीम का क्षेत्रफल यदि 100 एकड़ है, तो विकास कार्यों की लागत रू. 1.15 करोड़ प्रति एकड़ की दर से होने पर 100 एकड़ भूमि की कुल विकास लागत रू. 115 करोड़ होगी। भूमि विकास के उपरान्त यदि योजना की सेक्टर दर रू. 10,000 प्रति वर्गमीटर निर्धारित की जाती है, तो विकास कार्यों पर आगणित व्यय (रू.115 करोड़) की प्रतिपूर्ति हेतु (1.15 करोड़ ÷ 10,000) 11.50 हेक्टेयर (28.40 एकड़) भूमि की आवश्यकता होगी। चूंकि लैण्ड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत शासकीय अभिकरण द्वारा भू–स्वामियों से विकास शुल्क नहीं लिया जायेगा, अपितु उसके एवज में लैण्ड पूलिंग स्कीम में शामिल भू–स्वामियों के भूमि अंश से रू. 115 करोड़ के समतुल्य (28.40 एकड़) भूमि की अनुपातिक रूप से कटौती की जायेगी।

(3) भूमि विकास के उपरान्त विभिन्न भूखण्डों की लोकेशन एवं भू–उपयोग के अनुसार भूमि की मार्केट वैल्यू में कई गुना वृद्धि सम्भावित है। शासकीय अभिकरण द्वारा अपने अंश की भूमि में व्यवसायिक, मिश्रित उपयोग एवं ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड नियोजित किए जा सकते हैं, जिन्हें नीलामी के माध्यम से निस्तारण कर सामान्य से अधिक धन अर्जित किया जा सकता है, जिससे जन–सुविधाओं को 'कास–सब्सिडाईज' किया जा सकता है।

2.5 भूमि का हस्तान्तरण एवं स्टॉम्प ड्यूटी

(1) प्रत्येक भू–स्वामी को विकसित भूमि में से उसके स्वामित्व की भूमि के अनुपातिक भाग को पुनर्गठित भूखण्डों के रूप में आवंटित/हस्तान्तरित किया जाएगा। शासकीय अभिकरण एवं भू–स्वामियों के मध्य निष्पादित विकास अनुबन्ध के क्रम में भू–स्वामियों को पुर्नगठित भूखण्डों के रूप में आवंटित की जाने वाली भूमि का आवंटन ले–आउट प्लान के अनुमोदनोपरान्त 06 माह के अन्दर कर दिया जाए। भू–स्वामियों को पुनर्गठित भूखण्डों के रूप में हस्तान्तरित की जाने वाली भूमि लाटरी के माध्यम से आवंटित की जाएगी। यदि भूमि, वाह्य रूप से विकसित है, तो यथासम्भव मूल स्वामित्व की भूमि अथवा उसके निकटतम स्थल पर आवंटित की जाए।

(2) भू–स्वामियों को पुनर्गठित भूखण्डों के रूप में आवंटित/ हस्तान्तरित की जाने वाली आन्तरिक एवं वाह्य रूप से विकसित अथवा केवल वाह्य रूप से विकसित भूमि के सापेक्ष भू –स्वामी द्वारा कोई विकास शुल्क देय नहीं होगा, न ही शासकीय अभिकरण के पक्ष में निःशुल्क हस्तान्तरित भूमि के एवज में भू–स्वामियों को कोई प्रतिकर देय होगा।

(3) योजनान्तर्गत सड़कें, पार्क एवं खुले स्थल, अवस्थापना सुविधाएं तथा सामुदायिक सुविधाओं के लिए आरक्षित भूमि व शासकीय अभिकरण का अंश उनके पक्ष में निःशुल्क हस्तान्तरित किया जाएगा तथा भूमि विकास के उपरान्त पुनर्गठित भूखण्डों का भू–स्वामियों के पक्ष में आवंटन/हस्तान्तरण किया जाएगा, जिसके अनुसार राजस्व अभिलेखों में अन्तरण किया जाएगा। उक्तानुसार भूमि हस्तान्तरण, आवंटन की सम्पूर्ण प्रक्रिया में स्टाम्प ड्यूटी से छूट होगी। विकसित भूमि / भूखण्डों का मूल आवंटियों/शासकीय अभिकरण द्वारा अग्रेत्तर विक्रय/हस्तान्तरण किए जाने पर नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देय होगी।

(4) शासकीय अभिकरण के बोर्ड द्वारा अनुमोदित लैण्ड पूलिंग स्कीम के ले–आउट प्लान की प्रति एवं अन्य संगत दस्तावेज़ भू–राजस्व अभिलेखों में 'अपडेट' करने हेतु सम्बन्धित जिलाधिकारी को प्रेषित किए जाएंगे तथा उनकी प्रतियां कर एवं निबन्धन विभाग के अभिलेखार्थ भी प्रेषित की जाएंगी।

2.6 सीमान्त कृषकों के हितों का संरक्षण

योजना के अन्तर्गत यदि सीमान्त कृषक की भूमि शामिल हो और उसके सापेक्ष न्यूनतम 30 वर्ग मीटर का पुनर्गठित भूखण्ड उपलब्ध कराया जाना व्यवहारिक न हो, तो ऐसे किसानों के अंश में आने वाली भूमि को शासकीय अभिकरण द्वारा सेक्टर दर पर क्रय किया जा सकता है अथवा शासकीय अभिकरण द्वारा प्रथम आवंटन हेतु निर्धारित विक्रय दर पर अतिरिक्त भूमि (ताकि भूखण्ड का न्यूनतम क्षेत्रफल 30 वर्ग मीटर हो जाए) आवंटित की जा सकती है। इसके अतिरिक्त सीमान्त किसान परिवार को शासकीय अभिकरण द्वारा सम्पूर्ण परियोजना अवधि के लिए एक श्रमिक की न्यूनतम मजदूरी के समतुल्य धनराशि भी प्रत्येक माह देय होगी।

स्पष्टीकरणः

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा–3 (न) के अनुसार 'सीमान्त कृषक' का तात्पर्य ऐसे खेतिहर से है, जो एक हेक्टेयर तक की असिंचित भूमि या आधे हेक्टेयर तक की सिंचित भूमि धारण करता है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेबसाइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

Development projects, each having size of at least 500 acres **or Transit Oriented Development (TOD) Project along a Rail/Road based transport corridor for two projects each having TOD area of at least 500 acres.**
• **Urban Planning Analyst** - Bachelor of Architecture/**Bachelor of Civil Engineering/Bachelor of Urban/Town Planning** - Minimum 6 years of experience in the areas of urban planning, architecture and **relevant** related domains.
Public Finance Analyst - Post Graduate in Economics/Finance or MBA in Finance or Chartered Accountant - Minimum 6 years of experience in the areas of public finance for Central/State Govt. or local governments bodies.

B. Staff on deputation to the Authority

• **Senior Consultant** Graduate in Engineering or Economics or Commerce with post graduate diploma in business management /MBA from a reputed institute Minimum 6 years of experience in the infrastructure sector project management, financial modeling, financial feasibility, revenue strategy, innovative alternate methods of financing, business planning, policy and regulatory analysis, tariff determination /regulation etc. **Should have worked for at least two Eligible assignments as defined in Annexure-I -Eligibility Criteria & method of evaluation.** Should be well versed in preparation of PPT presentations, **Financial Modeling using EXCEL** etc.
• **Junior Consultant**
Graduate in Engineering or Economics or Commerce with post graduate diploma in business management /MBA from a reputed institute
Minimum 4 years of experience in the infrastructure sector project management, project appraisals, financial feasibility etc.
Should be well versed in preparation of PPT presentation, **Financial Modeling using EXCEL** etc.

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेबसाइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

Out of the above personnel, the Team Leader, Business Planning and Financial expert and staff of deputation to the Authority must be full time employees of the Bidder. However other personnel can be hired by the bidder from market as per requirement subject to the condition that a personnel once deputed on this assignment shall not be changed by the Consultant during the assignment period without permission of the Authority .The above is considered necessary for the continuity of the assignment.

4. Mode of provision of services

(i) The personnel mentioned at A above i.e. Overall Project Supervisory and Advisory team shall contribute the following man days per month at the Authority's office or at the location advised by the Authority, as per the requirement of the Authority during the assignment period.

Team Leader – 2 Man days per month

Other members – 10 Man days per month

(ii) The personnel mentioned at B above i.e. Staff on deputation to the Authority comprising of Senior Consultant and **Junior** Consultant shall be deputed to Lucknow or any other location advised by the Authority on full time basis throughout the duration of the assignment.

For the above purpose, a Man day means full working day from 930 am to 600 pm. However in case of exigencies, the personnel shall be required to work beyond the above working hours and in such case no additional compensation shall be payable .In case of the staff on deputation to the Authority, the services shall be counted for full man day only .However in case of personnel under A, the provision of half day services **(up to 5 hours)** shall also be counted. The staff on deputation to the Authorities office shall be deputed within the period stated in Letter of Acceptance issued by the Authority in favor of the Consultant.

5.0 Assignment Duration (Contract Period) and its extension

(i) The duration of the above assignment (Contract period) shall be 12 Months (Twelve Months) from the date of issue of letter of acceptance by the Authority. The above assignment period/contract period can be extended for further period by the Authority for maximum of 12 months depending on the performance of the consultant at the same accepted rates & terms and conditions and as per the requirements of the Authority.

6.0 Submission of Performance Security by the successful bidder

Within 28 days of issue of the Letter of Acceptance by the Authority, the successful Bidder shall furnish to the Authority a Performance Security in the form of bank guarantee on the format annexed at **Annexure-VI** from a Scheduled Indian Bank acceptable to the Authority for an amount equal to 5% (Five percent) of the original Contract value. In case of revision of the contract value, the value of the above bank guarantee shall be revised so that the value of bank guarantee is equal to five percent of the revised contract value.

(i) The above Bank Guarantee shall be kept valid for the stipulated contract/assignment period plus three months. In case of extension of the assignment period /contract period, the validity of the above bank guarantee shall be suitably extended three months beyond the extended completion period.

(ii) No payment under the contract shall be made to the consultant, before receipt ofperformance security.

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेबसाइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

(iii) Failure of the successful Bidder to furnish the required performance security shall be a ground for the annulment of the award of the Contract and they will be debarred from participating in further Bidding for the same work with the Authority.

7.0 Quoting of rates/prices and Inclusions in the Quoted/ Accepted rates

7.1 The rates/prices are to be quoted only as per the format of financial bid at Annexure-The rates are to be quoted only in Indian Rs.

7.2 The quoted /accepted rates for various categories of personnel shall include all the cost towards provision of the personnel including their salary, conveyance expenses between home/place of stay and the Authorities office location, Medical, Insurance and all other perks/facilities and nothing extra over and above the accepted rates shall be paid by the Authority

8.0 Method and mode of payment

For each category of the personnel provided by the Consultant to the Authority, a monthly time sheet as per the Format, which will be mentioned in RFP shall be maintained by the Consultant which shall be approved by the nominated official of the Authority. The above sheet shall be the basis for the purpose of release of payment.

The payment will be made on monthly basis against submission of an invoice (in three copies) by the Consultant which shall be supported by the originals of the time sheets duly approved by the nominated official of the Authority. Payment will be made only for the man days approved by the nominated official of the Authority.

The reimbursement for the out of station expenses, if incurred by the Consultant, shall be made as per the modalities stated in General terms & conditions, on submission of stipulated documents.

The payment will be made by way of an account payee cheque/RTGS as per the bank account details provided by the Consultant.

9.0 Deduction of Income Tax at source

While releasing the payment for the services provided (excluding reimbursements), Income tax as per the prevailing tariff shall be deducted from the payments for which TDS certificate shall be issued to the Consultant.

10.0 Payment of Service tax on the services provided (excluding reimbursements)

Over and above the accepted man day rates, service tax shall be paid to the consultant as per the prevailing tariff .In the Financial bid the bidder is required to state the prevailing applicable tariff of service tax. Irrespective of the above submission by the bidder in its bid, service tax shall be paid as per the prevailing tariff at the time of provision of services. Service tax shall be paid on submission of a service tax paid invoice by the Consultant. The payment of service tax in the first invoice of the Consultant shall be released on submission of a copy of valid Service Tax Registration Certificate. The payment of service tax in the subsequent invoices shall be released on submission of documentary proof of depositing the service tax paid in the previous bill with the concerned authorities. Service tax shall not be paid on reimbursements made to the Consultant.

11.0 Facilities to be provided by the Authority to the Consultants Personnel

For the personnel provided on full time basis in the Authority's office, the Authority shall provide the following facilities, free of cost:

(i) Office space with required furniture, telephone and internet connection

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेबसाइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

(ii) Canteen facility, if available, as provided to the employees of the Authority

(iii) Other facilities such as local transport, domestic and overseas travel related expenses including stay, per-diem shall be as per the General Terms and Conditions.

4- चयनित कन्सल्टेंट की फीस का वहन/भुगतान सम्बन्धित विकास प्राधिकरणों/संस्थाओं द्वारा शेयरिंग बेसिस पर समान रूप से किया जायेगा।

भवदीय,

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
3- अधिशासी निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0, लखनऊ।
4- समस्त नगर आयुक्त, उ0प्र0।
5- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

अरुणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेबसाइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

संख्या-1/2019/617/आठ-2-2019-05एन0सी0आर0/17

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम,
नई दिल्ली।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक- 07 मार्च, 2019

विषय- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरीडोर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आर0आर0टी0एस0) परियोजना के डी0पी0आर0 एवं डी0पी0आर0 परिशिष्ट तथा इसकी संशोधित योजना के अनुमोदन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-NCRTC/Govt. of UP/11(Part-II)/475, दिनांक 07.01.2019 तथा वित्त मंत्रालय भारत सरकार के पत्र संख्या-30(06)PFC.II/2018, दिनांक 11.02.2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरीडोर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आर0आर0टी0एस0) परियोजना के डी0पी0आर0 एवं डी0पी0आर0 परिशिष्ट तथा इसकी संशोधित योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्नानुसार कार्यवाही का निर्णय लिया गया है:-

(1) एन0सी0आर0टी0सी0 द्वारा प्रस्तुत आर0आर0टी0एस0 परियोजना की डी.पी.आर., डी.पी.आर. परिशिष्ट, इसकी संशोधित योजना तथा पी0आई0बी0 बैठक दिनांक 06.02.2019 में लिए गये निर्णय के अनुक्रम में वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत पत्र दिनांक 11.02.2019 में अनुमोदित फंडिंग पैटर्न के अनुसार परियोजना की कुल लागत रू0 30274 करोड़ के सापेक्ष उत्तर प्रदेश सरकार की सहभागिता रू0 6048 करोड़ पर अनुमोदन प्रदान किया जाता है, जिसमें रू0 4726 करोड़ वित्तीय सहायता, रू0 923 करोड़ स्टेट जी0एस0टी0 छूट तथा रू0 399 करोड़ की सरकारी भूमि के रूप में दिया जाना है।

(2) डी0पी0आर0 में प्रस्तावित सुधारों के साथ परियोजना का क्रियान्वयन भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी नयी मेट्रो नीति, 2017 के अन्तर्गत केन्द्र सरकार व दिल्ली सरकार के साथ सहभागिता के आधार पर किये जाने, परियोजना हेतु केन्द्र सरकार के माध्यम से ऋण प्राप्त किये जाने तथा भारत सरकार तथा प्रतिभागी राज्यों के मध्य 29 जून, 2011 को हुए समझौता ज्ञापन (MoU) के प्रावधानों के अनुसार सरकारी भूमि जिसमें सरकार या सरकार की एजेंसियों के स्वामित्व वाली भूमि सम्मिलित है, या तो रियायती दरों पर पट्टे पर या बिना ब्याज के अधीनस्त ऋण के रूप में उपलब्ध कराये जाने वाले व निजी भूमि राज्य सरकार द्वारा उपयुक्त कानूनी प्राविधानों में अर्जित (aquire) किये जाने की कार्यवाही आरंभ की जाय।

(3) डी0पी0आर0 के अनुसार भूमि वैल्यू कैप्चर के विभिन्न साधनों द्वारा आय के अर्जन के लिए कार्यवाही प्रारम्भ की जाय।

2- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम द्वारा उ0प्र0 सरकार द्वारा अनुमोदित डी0पी0आर0 में उल्लिखित शर्तों एवं विशिष्टियों का अक्षरक्षः पालन किया जायेगा तथा वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पी0आई0बी0 बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 11.02.2019 तथा नई मेट्रो नीति 2017 के अनुसार परियोजना लक्षित समयसीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

3- प्रश्नगत परियोजना हेतु उत्तर प्रदेश सरकार की सहभागिता के अंश हेतु बजट व्यवस्था के सापेक्ष निर्गत वित्तीय स्वीकृतियों के अनुसार अवमुक्त धनराशि लेखा अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम को उपलब्ध करायी जायेगी।

भवदीय,

(नितिन रमेश गोकर्ण)
प्रमुख सचिव।

संख्या-1/2019/617/आठ-2-2019, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
2. विशेष सचिव/स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
4. सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
5. मुख्य सचिव, दिल्ली सरकार।
6. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, लोक निर्माण, वाह्य सहायतित परियोजना, न्याय, ऊर्जा, परिवहन, नगर विकास, गृह वित्त, औद्योगिक विकास, राजस्व तथा नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. आयुक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, उ0प्र0 प्रभाग, गाजियाबाद।
8. आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद लखनऊ।
9. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0।
10. आयुक्त मेरठ मण्डल मेरठ।
11. जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ/गाजियाबाद।
12. प्रबंध निदेशक, लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन लि0।
13. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
14. नगर आयुक्त, मेरठ/गाजियाबाद।
15. उपाध्यक्ष, मेरठ/गाजियाबाद विकास प्राधिकरण।
16. लेखा अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0शासन।
17. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(संजय कुमार सिंह)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

क्रम-संख्या-72 (क)

रजिस्ट्रेशन नम्बर-एस०एस०पी०/एल०-
डब्लू०/एन०पी०-91/2014-16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग-4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, सोमवार, 25 मार्च, 2019
चैत्र 4, 1941 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3

संख्या 334/8-3-19-158विविध-18

लखनऊ, 25 मार्च, 2019

अधिसूचना

प०आ०-109

उ0प्र0 भू-सम्पदा अपील अधिकरण का कार्यालय (पुराना लखनऊ विकास प्राधिकरण) 6-जगदीश चन्द्र बोस मार्ग लालबाग, लखनऊ में स्थापित किये जाने की श्री राज्यपाल, उ0प्र0 सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

आज्ञा से,
नितिन रमेश गोकर्ण,
प्रमुख सचिव।

पी०एस०यू०पी०-ए०पी०-614 राजपत्र (हि०)-2019-(1595)-599 प्रतियां (कम्प्यूटर/टी०/आफसेट)।
पी०एस०यू०पी०-ए०पी०-20 सा0 आवास एवं शहरी नियोजन-2019-(1596)-1,075 प्रतियां (कम्प्यूटर/टी०/आफसेट)।

उत्तर प्रदेश शासन

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–5

संख्या : यू0ओ0 65/आठ–5–2019

लखनऊ : दिनांक 21 मई, 2019

कार्यालय–ज्ञाप

उत्तर प्रदेश लोक सेवाओं में शारीरिक रूप से दिव्यांगजन के लिए आरक्षण हेतु समूह– 'क', 'ख', 'ग' एवं 'घ' के पदों के चिन्हांकन हेतु निम्नवत् समिति गठन किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:–

1.	सुश्री अपूर्वा दुबे, विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग	अध्यक्ष
2.	निदेशक, आवास बन्धु, लखनऊ	सदस्य
3.	मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग उ0प्र0	सदस्य
4.	श्री देश दीपक वर्मा, सहायक आयुक्त, आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ	सदस्य
5.	श्री चक्रेश जैन, अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ विकास प्राधिकरण	सदस्य
6.	श्री सी0पी0 त्रिपाठी, अपर सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण	सदस्य

स्वामी नाथ पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक, आवास बन्धु, लखनऊ।
2. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग उ0प्र0।
3. श्री देश दीपक वर्मा, सहायक आयुक्त, आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
4. श्री चक्रेश जैन, अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
5. श्री सी0पी0 त्रिपाठी, अपर सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।
6. निजी सचिव, विशेष सचिव (सुश्री अपूर्वा दुबे), आवास एवं शहरी नियोजन विभाग।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

स्वामी नाथ पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या–यू0ओ0 65/आठ–5–2019
(आवास–6 की पत्र0सं0–185/विविध/10)

प्रेषक,

स्वामी नाथ पाण्डेय,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1 **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्रधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

2 **अध्यक्ष,**
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

3 **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।

4 **मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,**
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–5 **लखनऊः दिनांक 22 मई, 2019**

विषयः– उ0प्र0 लोक सेवाओं में शारीरिक रूप से दिव्यांगजन के लिए आरक्षण हेतु समूह–क, ख, ग एवं घ श्रेणी के पदों के चिन्हांकन हेतु पदों की उपयोगिता एवं आवश्यकता के दृष्टिगत प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में यह अवगत कराना है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा–33 के अन्तर्गत प्रदेश में लोक सेवाओं में दिव्यांगजन के लिए आरक्षण हेतु समूह–क, ख, ग एवं घ श्रेणी के पदों के चिन्हांकन का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाना है। उक्त अधिनियम में विनिर्दिष्ट 21 प्रकार की दिव्यांगताओं हेतु 04 प्रतिशत का आरक्षण अनुमन्य कराया गया है। इस हेतु कार्मिक अनुभाग–2 द्वारा शासनादेश संख्या–4/2018/18/1/2008–का –2/2018, दिनांक 25.09.2018 जारी किया गया है।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश में उल्लिखित दिव्यांगजन की श्रेणियों को समाहित करते हुए विभिन्न श्रेणियों के लिए पदों को चिन्हांकित करते हुए निम्नलिखित प्रारूप में सूचना शासन को 02 दिन में उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

शारीरिक रूप से दिव्यांगजन जन के लिए समूह– क, ख, ग एवं घ के लिए चिन्हांकित पद

क्र0	पद नाम	पद के लिए उपयुक्त दिव्यांगजन की श्रेणी
1	2	3

भवदीय,

स्वामी नाथ पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि अनुभाग अधिकारी, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2, 6, 7 एवं 10 को इस अनुरोध सहित कि कृपया अपने नियंत्रणाधीन कार्यालयों से उक्त सूचना ससमय उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

स्वामी नाथ पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

महत्वपूर्ण/समयबद्ध
संख्या : 812/आठ–1–19–10विविध/2019

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1 आवास आयुक्त,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2 उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्रधिकरण,
उ0प्र0।

3 अध्यक्ष,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांकः 31 मई, 2019

विषयः सड़क मार्गो के आस–पास एवं विशेष रूप से खाली पड़े भूखण्डों में भारी मात्रा में गन्दगी व पॉलिथीन के निस्तारण के संबंध में।

महोदय,

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में भ्रमण के दौरान उन्हें सड़क मार्गो के आसपास व विशेष रूप से खाली पड़े भूखण्डों में भारी मात्रा में गन्दगी व पॉलिथीन देखने को मिली हैं, जिस पर मा0 मुख्यमंत्री जी ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निम्न निर्देश दिये गये हैः–

(1) पॉलिथीन पर लगी रोक का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हो।

(2) वर्तमान में सार्वजनिक स्थलों, मार्गो व उनके आस–पास खाली पड़े भूखण्डों में जमा गन्दगी व कूड़े को तत्काल उठाया जाय।

(3) यह सुनिश्चित किया जाय कि भविष्य में उपर्युक्त स्थलों पर गन्दगी व कूड़ा एकत्रित न होने पाये।

(4) यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा इस कार्य में शिथिलता बरती जा रही है तो उनके विरूद्ध कठोरता से दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने नियंत्रणाधीन अभिकरणों में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही की स्थिति से शासन को तत्काल अवगत कराने का भी कष्ट करें।

भवदीय,

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

2. **जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी,**
समस्त विनियमित क्षेत्र
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनांक : 04 जून, 2019**

विषयः– मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय के समक्ष विशेष अपील योजित किये जाने तथा मा0 उच्चतम न्यायालय के समक्ष विशेष अनुज्ञा याचिका अथवा पुर्नविचार याचिका योजित किये जाने के पूर्व शासन की सहमति प्राप्त किया जाना।

महोदय,

शासन के संज्ञान में यह तथ्य आये हैं कि ऐसे न्यायिक वाद, जिनमें शासन पक्षकार है या जिनमें मा0 न्यायालय द्वारा शासन स्तर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल किये जाने के आदेश दिये गये हैं, ऐसे प्रकरणों में प्रायः विकास प्राधिकरण एवं विनियमित क्षेत्रों द्वारा मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के विरूद्ध मा0 उच्चतम न्यायालय के समक्ष शासन की सहमति के बिना ही मा0 उच्चतम न्यायालय के समक्ष विशेष अनुज्ञा याचिका तथा पुर्नविचार याचिका दाखिल की जा रही है। ऐसी विशेष अनुज्ञा याचिका/पुर्नविचार याचिकाओं में अपेक्षित आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन शासन स्तर से कराये जाने की भी बाध्यता होती है और इस हेतु अवमाननावाद भी योजित किये जाते हैं। भू–अर्जन के अनेक मामलों में मा0 उच्च न्यायालय से आदेश पारित होने के उपरान्त अर्जन निकायों द्वारा शासन को तत्काल अवगत नहीं कराया जाता है और आदेश के अनुपालन की अल्प समयावधि में शासन स्तर पर परामर्शी विभागों का अपेक्षित परामर्श प्राप्त कर सम्यक परीक्षण किये जाने में कठिनाई होती है।

2– ऐसी विशेष अनुज्ञा याचिका /पुनर्विचार याचिकाओं में मा0 उच्चतम न्यायालय से अनुकूल आदेश प्राप्त नहीं होने पर शासन की ओर सें पुनः विशेष अनुज्ञा याचिका दाखिल किये जाने की दशा में शासन का पक्ष कमजोर हो जाता है, क्योंकि मा0 उच्चतम न्यायालय प्रकरण के संबंध में निर्णय दे चुका होता है। ऐसी स्थिति में मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन के सम्बन्ध में शासन के समक्ष विषम परिस्थितियाँ उत्पन्न हो जाती है और असमंजस्य की स्थिति का सामना करना पड़ता है।

3– उक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ऐसे न्यायिक वाद, जिनमें शासन पक्षकार है या जिनमें मा0 न्यायालय द्वारा शासन स्तर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल किये जाने के आदेश दिये गये हैं, ऐसे मामलों में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय के समक्ष विशेष अपील योजित किये जाने अथवा मा0 उच्चतम न्यायालय के समक्ष विशेष अनुज्ञा याचिका/पुर्नविचार याचिका योजित किये जाने से पूर्व शासन की सहमति प्राप्त की जाय। यह भी निर्देशित किया जाता है कि इस संबंध में विशेष अपील, विशेष अनुज्ञा याचिका एवं पुर्नविचार याचिका योजित किये जाने हेतु निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत प्रतिवाद किये जाने के आधार स्पष्ट करते हुए सम्यक सूचना सहित सुस्पष्ट प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया जाय।

भवदीय,

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव।

संख्या–529(1)/आठ–3–19–178रिट/17–तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
3. समस्त अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0 प्र0 शासन।
4. निदेशक, आवास बन्धु उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया आवास बन्धु की साइट पर अपलोड करते हुए सम्बन्धित को तामील कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

संजय कुमार सिंह
उप सचिव।

संख्या–747/आठ–1–19–74विविध/2017

प्रेषक,

माला श्रीवास्तव,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 **लखनऊ : दिनांक : 06 जून, 2019**

विषयः– नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग उ0प्र0 को नोडल एजेन्सी के रूप में दायित्वों का निर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग उ0प्र0 लखनऊ को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अन्तर्गत संचालित समस्त परियोजनाओं की नोडल एजेन्सी के रूप में दायित्व निर्धारण सम्बन्धी आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 के आदेश संख्या–1902/आठ–1–2017–74 विविध/2017 दिनांक 13.09.2017 को सम्यक विचारोपरान्त अवक्रमित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग हेतु नोडल एजेन्सी के रूप में निम्न दायित्व निर्धारित किया जाता हैः–

(1) रू0 05 करोड़ की लागत तक की परियोजनाओं को प्राधिकरणों/आवास विकास परिषद/स्थानीय नगर निकाय आदि द्वारा सीधे मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक को उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक द्वारा रू0 05 करोड़ तक की परियोजनाओं के औचित्य एवं आगणन का परीक्षण करने के उपरान्त प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(2) रू0 05 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का बोर्ड/सक्षम स्तर से अनुमोदन कराकर मुख्य अभियन्ता के हस्ताक्षर एवं औचित्य सहित प्रस्ताव शासन को मूल्यांकन एवं स्वीकृति हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

(3) परियोजनाओं के क्रियान्वयन भौतिक/वित्तीय प्रगति से सम्बंधित अनुश्रवण कार्य, परियोजनाओं को समय से पूर्ण करने एवं अवमुक्त की गयी धनराशि का नियमानुसार व्यय करने के अनुश्रवण हेतु मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक नोडल अधिकारी होंगे। कार्यदायी संस्थाओं द्वारा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की सूचना प्रत्येक माह के 05 तारीख से पूर्व नोडल एजेन्सी को उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक द्वारा प्रत्येक परियोजनाओं के संदर्भ में प्रत्येक माह

की 05 तारीख तक वित्तीय/भौतिक प्रगति की सूचना निर्धारित प्रारूप पर शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।

2– कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीया,

माला श्रीवास्तव
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार (आडिट प्रथम/लेखा प्रथम), उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. आवास आयुक्त, उ0प्र0 विकास परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
3. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
4. उपाध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उ0प्र0।
5. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0, लखनऊ।
7. समस्त नगर आयुक्त, उ0प्र0।
8. आवास एवं शहरी नियोजन विभाग (लेखा अनुभाग), उ0प्र0 शासन लखनऊ।
9. वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1/वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–8।
10. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

महत्वपूर्ण/समयबद्ध

संख्या–751/आठ–1–19–64बैठक/17

प्रेषक,

माला श्रीवास्तव,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।
2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।
3. **अध्यक्ष/जिलाधिकारी,**
समस्त वि0क्षे0 विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।
4. **प्रबन्ध निदेशक,**
लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 **लखनऊ : दिनांक 06 जून, 2019**

विषय : वर्ष 2019–20 में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अन्तर्गत सोलर पावर इंस्टॉलेशन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के शासनादेश संख्या–1967/आठ–1–17, दिनांक 17.10.2017 द्वारा सरकारी संस्थानों/अर्द्धसरकारी संस्थानों/सरकारी स्वैच्छिक संस्थान/सहायता प्राप्त संस्थान/प्रतिष्ठान तथा 5000 वर्ग मीटर एवं अधिक क्षेत्रफल के कार्यालय, हाउसिंग एवं कामर्शियल कॉम्पलेक्स व अन्य भवनों में रूफ–टाप सोलर पावर इंस्टॉलेशन हेतु वर्ष 2017 से 2020 तक कुल 350 मेगावाट सोलर पावर इंस्टॉलेशन का लक्ष्य रखा गया है, जिसके सापेक्ष प्राप्त उपलब्धि को घटाते हुए तथा वर्ष 2019–20 में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अन्तर्गत समस्त अभिकरणों एवं लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन हेतु निम्नलिखित तालिकानुसार कुल 323 मेगावाट सोलर पावर इंस्टॉलेशन का लक्ष्य निर्धारित किया जाता है:–

क्रमांक	आवास एवं विकास परिषद/विकास प्राधिकरण का नाम	लक्ष्य 2019–20 (मेगावाट में)
1	2	3
1	आवास एवं विकास परिषद	35
2	आगरा	20
3	अलीगढ़	3.5
4	प्रयागराज	20
5	अयोध्या	5
6	आज़मगढ़	0.5
7	बागपत	0.5
8	बाँदा	5
9	बरेली	4.5
10	बस्ती	0

11	बुलन्दशहर	4.5
12	फिरोज़ाबाद	4.5
13	गाज़ियाबाद	38
14	गोरखपुर	10
15	हापुड़–पिलखुआ	5
16	झाँसी	5
17	कानपुर	39
18	खुर्जा	4
19	लखनऊ	40
20	मथुरा–वृन्दावन	10
21	मेरठ	15
22	मुरादाबाद	19
23	मुज़फ्फरनगर	4
24	रायबरेली	4
25	रामपुर	4
26	सहारनपुर	5
27	उन्नाव–शुक्लागंज	4
28	उरई	4
29	वाराणसी	5
30	कुशीनगर	0.5
31	शक्तिनगर	0.5
32	चित्रकूट	0.5
33	कपिलवस्तु	0
34	मिर्ज़ापुर	0.5
35	लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन	3
	Total	**323**

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया निर्धारित लक्ष्य उ0प्र0 इनर्जी कन्जर्वेशन बिल्डिंग कोड(यूपीई0सी0बी0सी0कोड)2018 की अधिसूचना के अनुसार भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008–(यथा संशोधित 2011 एवं 2016) के वर्तमान प्राविधानों के अनुसार उ0प्र0 ई0सी0बी0सी0कोड 2018 से आच्छादित भवनों या भवन परिसरों में सोलर पावर इंस्टालेशन के माध्यम से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। सौर ऊर्जा संबंधी अन्य जानकारी Ministry of new & Renewable Energy(MNRE) की वेब साइट http://mnre.gov.in पर उपलब्ध है।

भवदीया,

माला श्रीवास्तव
विशेष सचिव।

<u>पत्रांक एवं दिनांक तदैवः</u>

पत्रावली निदेशक (प्रशा0), आवास बन्धु को इस आशय से प्रेषित कि कृपया सोलर पावर इंस्टालेशन सम्बन्धी लक्ष्य को एम0पी0आर0/वर्कप्लान में सम्मिलित कराते हुए इसका सामयिक अनुश्रवण करने तथा अभिकरणों से प्राप्त समेकित सूचना शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से
अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

संख्या-2/2019/634/आठ-7-19-18मेट्रो/2017

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- **प्रमुख सचिव**,
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग
उ0प्र0 शासन।

2- **समस्त मण्डलायुक्त**,
उत्तर प्रदेश।

3- **अध्यक्ष**,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उ0प्र0।

4- **उपाध्यक्ष**,
समस्त विकास प्राधिकरण, उ0प्र0।

5- **प्रबन्ध निदेशक**,
लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन लि0, लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-7 **लखनऊ : दिनांक : 07 जून, 2019**

विषय : उत्तर प्रदेश के विभिन्न महानगरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं/रेल आधारित मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 'उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन' के नाम से एकल विशेष प्रयोजन साधन गठित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-01/2018/38/आठ-7-18-18मेट्रो/2017 दिनांक 11.01.2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सुझावानुसार अन्य निर्णयों के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के विभिन्न महानगरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु "उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन" के नाम से "एकल विशेष प्रयोजन साधन" गठित करते हुए कम्पनी अधिनियम, 2013 में विहित प्राविधानों के अनुसार नोयडा मेट्रो रेल कारपोरेशन, जोकि भारत सरकार तथा उ0प्र0 शासन की 50:50 की स्वामित्व वाली कम्पनी है, को "उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन" के नाम से गठित किये जाने वाले उक्त "एकल विशेष प्रयोजन साधन" की सब्सिडियरी कम्पनी बनाये जाने का निर्णय लिया गया था।

2- अवगत कराना है कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-के-14011/27/2013-एम.आर.टी.एस.-IV दिनांक 10.04.2019 द्वारा सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 01.04.2019 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त राज्य सरकार के स्तर से आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराया गया है। दिनांक

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेबसाइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

01.04.2019 को भारत सरकार के स्तर पर सम्पन्न उक्त बैठक में नोयडा-ग्रेटर नोयडा मेट्रो रेल परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु गठित "नोयडा मेट्रो रेल कारपोरेशन" को पृथक एस.पी.वी. के रूप में यथास्थिति बनाये रखने अथवा "नोयडा मेट्रो रेल कारपोरेशन" को "उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन" में समाहित किये जाने के बिन्दु पर राज्य सरकार के स्तर से अविलम्ब निर्णय लिए जाने की अपेक्षा की गयी है, ताकि कानपुर एवं आगरा मेट्रो रेल परियोजनाओं का क्रियान्वयन बिना किसी विलम्ब के प्रारम्भ हो सके।

3- इस प्रकरण पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि नोयडा-ग्रेटर नोयडा मेट्रो रेल परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु गठित "नोयडा मेट्रो रेल कारपोरेशन" को पृथक एस.पी.वी. के रूप में यथास्थिति बनाये रखते हुए उत्तर प्रदेश के विभिन्न महानगरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु "उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन" के नाम से "एकल विशेष प्रयोजन साधन" गठित कर भारत सरकार को अवगत कराया जाय।

4- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया शासन द्वारा लिए गये उक्त निर्णय के अनुसार उत्तर प्रदेश के विभिन्न महानगरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु "उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन" के नाम से "एकल विशेष प्रयोजन साधन" गठित करने के सम्बन्ध में समस्त आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

नितिन रमेश गोकर्ण
प्रमुख सचिव

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
(2) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, न्याय/वित्त/नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
(3) प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0।
(4) निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
(5) गार्ड बुक।

आज्ञा से,

अरुणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेबसाइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:-16/2019/1783 /आठ-1-19-06आडिट/2014टी0सी0

प्रेषक,

पवन कुमार,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,

समस्त विकास प्राधिकरण,

उ0प्र0।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक : 25 सितम्बर, 2019

विषय : प्रदेश के प्राधिकरणों में विभिन्न समितियों द्वारा उठायी गयी आडिट आपत्तियों को कम्प्यूटराईज्ड करने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-1308/आठ-1-19-06आडिट/2014टी0सी0, दिनांक 31 जुलाई, 2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपके प्राधिकरण के संबंध में विभिन्न समितियों द्वारा उठायी गयी आडिट आपत्तियों को आडिट आपत्ति लगाये जाने के समय ही कम्प्यूटराईज्ड करके उनके निस्तारण का कार्य सुनिश्चित कराने तथा कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने के निर्देश दिये गये हैं।

2- इस संबंध में प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा-परीक्षा प्रतिवेदनों की जॉच संबंधी समिति की दिनांक 06 अगस्त, 2019 को सम्पन्न हुई बैठक में यह निर्देश दिये गये कि प्राधिकरण में आडिट विभाग की जो आपत्तियां हैं, उनको अगर ऑनलाइन करा दिया जाय और पहले से इनके निस्तारण की व्यवस्था की जाय, तो बैठकों में आधे से ज्यादा प्रस्तर निस्तारित हो जायेंगे।

3- अत: इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 समिति द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में कृपया अपने-अपने प्राधिकरण से संबंधित विभिन्न समितियों की जो आडिट आपत्तियॉ है, उन्हें कम्प्यूट्रीकृत करते हुए ऑनलाइन किये जाने एवं आपत्ति लगने के समय से ही उनके निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए उक्त निर्देश का कड़ाई से अनुपालन भी कराने का कष्ट करें।

पवन कुमार
विशेष सचिव।

अति–महत्वपूर्ण / समयबद्ध
संख्या–2566/आठ–1––19–83बैठक / 2017

प्रेषक,

दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. आवास आयुक्त,
आवास एवं विकास परिषद।
उ0प्र0 लखनऊ।

2. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण
उत्तर प्रदेश।

3. नियंत्रक प्राधिकारी / जिलाधिकारी,
समस्त विनियमित क्षेत्र,
उत्तर प्रदेश।

4. प्रबन्ध निदेशक,
लखनऊ मैट्रो रेल कारर्पोरेशन,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 लखनऊ : दिनॉक : 27, दिसम्बर, 2019

विषय :– रिट याचिका संख्या–13029 / 1985 एम0सी0 मेहता बनाम भारत संघ व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया रिट याचिका संख्या–13029 / 1985 एम0सी0 मेहता बनाम भारत संघ व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के शासनादेश संख्या–1220 / आठ–3–19–23 विविध / 2016 दिनांक 04.11.2019 एवं शासनादेश संख्या–37 / 2016 / 207 / आठ–1–16–27 विविध / 14 दिनांक 27.01.2016 **(छायाप्रति संलग्न)** का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त शासनादेश दिनांक 04.11.2019 के माध्यम से आवास विकास परिषद एवं विकास प्राधिकरणों को निर्माण गतिविधियों से उत्सर्जित धूल तथा वायु प्रदूषण होने के साथ–साथ विभिन्न स्तरों पर उक्त संबंध में प्रभावी रोकथाम हेतु निम्नवत् निर्देश जारी किये गये हैं:–

(1) निर्माण सामग्री को निर्धारित स्थलों पर ढक कर रखा जाय तथा समुचित प्रकार से पानी का छिड़काव किया जाय।
(2) निर्माण सामग्री को लाने व ले जाने वाले वाहनों के टायरों / बॉडी की भली–भांति धुलाई की जाय तथा निर्माण सामग्री को ढक कर ले जाया जाय।
(3) निर्माण एवं ध्वस्तीकरण से जनित अपशिष्ट को निर्धारित स्थल तक ढक कर ले जाया जाय तथा सड़कों के किनारे अनियंत्रित रूप से एकत्रित न किया जाय।
(4) निर्माण एवं ध्वस्तीकरण से जनित अपशिष्ट को पुनः प्रयोग किये जाने हेतु स्थल निर्धारित करते हुए प्लान्ट स्थापित किया जाय।
(5) पेड़ों से झड़ने वाली पत्तियों व उद्यानों से जनित अपशिष्ट को जलाया न जाय अपितु निर्धारित स्थलों पर कम्पोस्ट पिट बनाकर निस्तारित किया जाय।
(7) प्राधिकरण स्तर द्वारा उक्त निर्देशों के उल्लंघन पर व्यक्तियों / संस्थाओं के विरूद्व नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाय।

2– उल्लेखनीय है कि उक्त शासनादेश दिनांक 27.01.2016 के माध्यम से आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित विकास प्राधिकरणों को

अपने अधिकार क्षेत्र में भवन निर्माण की अनुज्ञा के अन्तर्गत यह प्रतिबन्ध अनिवार्य रूप से अंकित करने के निर्देश जारी किये गये हैं कि निर्माणाधीन अवधि में निर्माण स्थल पर धूल से बचने हेतु समुचित कवर का प्राविधान किया जाये, निर्माण सामग्री के परिचालन एवं उनके उपयोग की अवधि में निर्माण सामग्रियों पर पानी का छिड़काव किया जाय एवं डस्ट सस्पेंशन यूनिट का उपयोग अनिवार्य करते हुए निर्माण सामग्रियों को ले जाने हेतु ढके हुए वाहनों का प्रयोग किया जाय।

प्रकरण में मा0 उच्चतम् न्यायालय में हो रही सुनवाई तथा आदेशों के अनुपालन के कम में उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन आख्या प्राप्त किया जाना आवश्यक है। साथ ही उक्त शासनादेश दिनांक 27.01.2016 के द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन समस्त अभिकरणों द्वारा किया जाना भी आवश्यक है।

3– इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्त शासनादेश दिनांक 04.11.2019 एवं दिनांक 27.01.2016 के द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन न किये जाने की दशा में समुचित कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें। साथ ही आवास विकास परिषद/विकास प्राधिकरणों के स्तर से उक्त शासनादेश के अनुपालन के संबंध में कृत कार्यवाही की अद्यतन आख्या/सूचना दिनांक 05.01.2020 तक निदेशक, आवास बन्धु को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निदेशक आवास बन्धु द्वारा उक्त सूचना उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को अविलम्ब उपलब्ध कराते उसकी प्रति आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 को उपलब्ध करायी जायेगी। प्रकरण मा0 उच्चतम् न्यायालय के आदेशों से आच्छादित है। अतएव व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(दीपक कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
4. सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पिकप भवन, गोमती नगर, लखनऊ।
5. निदेशक, आवास बन्धु, लखनऊ, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि कृपया समस्त संबंधितों को तामील कराते हुए विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें तथा आवास विकास परिषद/प्राधिकरणों से प्राप्त समेकित आख्या सभी सम्बंधितों को सम्यान्तर्गत उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(दीपक कुमार)
प्रमुख सचिव।

Scanned by CamScanner

संख्या–1220/आठ–3–19–23 विविध/2016

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. आवास आयुक्त,
आवास एवं विकास परिषद्।
उ0प्र0 लखनऊ।

2. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण
उत्तर प्रदेश।

3. नियत्रक प्राधिकारी/जिलाधिकारी,
समस्त विनियमित क्षेत्र
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 लखनऊ : दिनॉक : 4 नवम्बर, 2019

विषय :– रिट याचिका (सी) 13029/1985 एम0सी0 मेहता बनाम भारत संघ व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त संबंध में रिट याचिका (सी) 13029/1985 एम0सी0 मेहता बनाम भारत संघ व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश सुश्री ऐश्वर्या भाटी, अपर महाधिवक्ता, उ0प्र0 के पत्र दिनांक 04.11.2019 के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराये गये हैं। उक्त पत्र में उल्लिखित मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेश निम्नलिखित हैं :–

(i) Personal presence of Chief Secretaries of States of Punjab, Haryana and Uttar Pradesh day after tomorrow i.e. Wednesday, 06.11.2019.

(ii)Crop stubble burning must stop immediately and the States of Punjab, Haryana and Uttar Pradesh must fo everything to stop it.

(iii) All construction and demolition activities stopped in NCR- Rs 1 lakh fine on violators

(iv) No further power cust be made in Delhi, Punjab, Haryana and Uttar Pradesh till it further orders to stop use of diesel generators

(v)Rs. 5,000/- fine garbage burning in Delhi-NCR.

(vi) High Level meeting to be held to examine and consider further emergent steps and identify other industrial activity that can be stopped in view of the suffocating air pollution conditions in NCR.

2– राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्राधिकरणों (गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़–पिलखुवा, बुलन्दशहर–खुर्जा, बागपत–बड़ौत–खेकड़ा, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर विकास प्राधिकरण) द्वारा मा0 उच्चतम् न्यायालय द्वारा दिये गये उक्त आदेशों का अनुपालन तत्काल सुनिश्चित करते हुए अनुपालन आख्या प्रत्येक दशा में दिनांक 05.11.2019 को अपरान्ह 03:00 बजे तक उपलब्ध करायी जाय।

3– शेष प्राधिकरणों द्वारा निर्माण गतिविधियों से उत्सर्जित धूल तथा वायु प्रदूषण होने के साथ–साथ विभिन्न स्तरों पर उक्त संबंध में प्रभावी रोकथाम हेतु कार्यवाही

Scanned by CamScanner

नितान्त आवश्यक है। शेष प्राधिकरणों द्वारा निम्नवत् बिन्दुओं पर प्रभावी कार्यवाही की जाय :–

(1) निर्माण सामग्री को निर्धारित स्थलों पर ढक कर रखा जाय तथा समुचित प्रकार से पानी का छिड़काव किया जाय।
(2) निर्माण सामग्री को लाने व ले जाने वाले वाहनों के टायरों/बॉडी की भली–भांति धुलाई की जाय तथा निर्माण सामग्री को ढक कर ले जाया जाय।
(3) निर्माण एवं ध्वस्तीकरण से जनित अपशिष्ट को निर्धारित स्थल तक ढक कर ले जाया जाय तथा सड़कों के किनारे अनियंत्रित रूप से एकत्रित न किया जाय।
(4) निर्माण एवं ध्वस्तीकरण से जनित अपशिष्ट को पुनः प्रयोग किये जाने हेतु स्थल निर्धारित करते हुए प्लान्ट स्थापित किया जाय।
(5) पेड़ों से झड़ने वाली पत्तियों व उद्यानों से जनित अपशिष्ट को जलाया न जाय अपितु निर्धारित स्थलों पर कम्पोस्ट पिट बनाकर निस्तारित किया जाय।
(7) प्राधिकरण स्तर द्वारा उक्त निर्देशों के उल्लंघन पर व्यक्तियों/संस्थाओं के विरूद्व नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाय।

4– उक्त संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। इस संबंध में किसी भी लापरवाही को शासन द्वारा गंभीरता से लिया जायेगा।

भवदीया,

(अपूर्वा दुबे)
विशेष सचिव।

संख्या–1220(1)/आठ–3–19–23 विविध/2016–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव, पर्यावरण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
4. निदेशक, आवास बन्धु, लखनऊ, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि कृपया समस्त संबंधितों को तामील कराते हुए विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें तथा प्राधिकरणों से प्राप्त समेकित आख्या शासन को सम्यान्तर्गत उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अपूर्वा दुबे)
विशेष सचिव।

Scanned by CamScanner